

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020



दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 144 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, गुरुवार 30 मार्च 2023

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर — अंकित अग्रवाल बनाए गए अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल ...

बैकुंठपुर विधान सभा से भारतीय सक्ति चेतना ... — पेज -7 पर


नड्डा के बयान पर कहा- हमारे तीन में दो मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से

# कुमारी सैलजा बोलीं– बीजेपी कर रही ओबीसी पॉलिटिक्स

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि, तीन में से हमारे दो मुख्यमंत्री ओबीसी समाज से हैं। आखिर बीजेपी क्या जताना चाहती है। दरअसल कुमारी सैलजा बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के उन बयानों का पलटवार करते हुए बोलीं हैं, जिनमें नड्डा ने कहा था कि, कांग्रेस ओबीसी के खिलाफ है।

इन दिनों बीजेपी राहुल गांधी के मोदी वाले बयान को ओबीसी का अपमान बता रही है, इस पर सैलजा ने कहा, बीजेपी OBC पॉलिटिक्स कर रही है। माफी इन लोगों को मांगना चाहिए, जो नीरव मोदी जैसे लोगों को इस कैटेगरी में डालना चाह रहे हैं। वो भ्रष्टाचारी हैं और भ्रष्टाचारी किसी भी जाति का नहीं होता है।



### अब देशभर में ओबीसी पॉलिटिक्स

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को हुई 2 साल की सजा और फिर लोकसभा सदस्यता खत्म किये जाने की वजह 'मोदी' सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी थी। जिसके ये मामला सीधे ओबीसी पॉलिटिक्स से जुड़ गया है। क्योंकि बीजेपी के नेता हर जगह इसे ओबीसी वर्ग का अपमान बता रहे हैं लेकिन कांग्रेस की तरफ से भी इस मामले को लेकर तीखे बयान सामने आ रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में पूर्व मंत्रियों को बंगले का क्या होगा रिव्यू...

**राहुल** गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस मिलने के बाद छत्तीसगढ़ में ये चर्चा है कि, क्या सरकार यहां पूर्व मंत्रियों का बंगला खाली कराएगी? इसको लेकर कुमारी सैलजा ने कहा कि, इसका रिव्यू किया जाएगा। और हमारी सरकार इसे देखेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमने अंग्रेजों के साथ लड़ाई लड़ी, ईट का जवाब पत्थर से दिया था।

## एक नजर

### बोड़ेगांव के खेत में मिली युवक की लाश, कमर में चोट के निशान होने से हत्या की आशंका



**भिलाई।** नंदिनी नगर थाना क्षेत्र में बोड़ेगांव के खेत में एक युवक की लाश मिली है। लाश तीन से चार दिन पुरानी है और सड़ी गली हालत में है। मृतक क कमर पर चोट के निशान और मौके पर नजर आ रहे परिदृश्य से पुलिस हत्या की आशंका जताते हुए जांच में जुट गई है। फिलहाल मृतक युवक की शिनाख्ती नहीं हो सकी है। बोड़ेगांव के खेत पर किसी व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना पर आईपीएस प्रभात कुमार नंदिनी थाना स्टाफ और एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

फारेंसिक एक्सपर्ट डॉ मोहन पटेल और डॉग स्क्रायड ने घटनास्थल का बारिकी से मुआयना किया। मृतक के कमर पर किसी तेज धार हथियार से हमला करने का निशान और खून के दाग हैं। मृतक के हाथ में गोदना से राम लिखा हुआ है। मृतक के शरीर में कपड़े नहीं है। उसका जींस पैंट और टी शर्ट करीब ही पड़ा मिला। एक जोड़ी चप्पल भी अलग अलग मिले हैं। लाश से पचास मीटर दूर शराब के बोतल का ढक्कन, पानी पाऊच का खाली रैपर और माचिस की डिब्बी मिलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि एक साथ शराब पीने के बाद युवक की हत्या की गई है।

# ईडी ने आज फिर शराब कारोबारियों, महापौर और अफसरों को घेरा

## अनिल टूटेजा और ढेबर पर दोबारा छापेमारी

**रायपुर।** अवैध कोल परिवह लेवी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई लगातार जारी है। ईडी की टीम ने दूसरे दिन भी राजधानी रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और भिलाई में छापामार कार्रवाई की। ईडी की टीम ने आईएएस अधिकारी, गैंगस्टर, शराब कारोबारी और ठेकेदारों के यहां दबिश दी। ईडी की टीम आज राजधानी रायपुर में आईएएस अनिल टूटेजा , रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, अनवर ढेबर, शराब कारोबारी अमोलक सिंह भाटिया, पप्पू भाटिया, मनदीप चावला, विनोद सिंह, दुर्ग में गैंगस्टर विनोद बिहारी, भिलाई में पप्पू बंसल के अलावा एक उद्योगपति के भी ठिकानों पर कार्रवाई जारी है।





*बताया जा रहा है कि सुबह-सुबह सीआरपीएफ के जवानों के साथ ही ईडी की टीम सभी के ठिकानों पर पहुंच गई। फिलहाल अभी कार्रवाई जारी है। इससे पहले कल ईडी की टीम ने उद्योगपति कमल सारडा के आवास और दफ्तर के अलावा महासमुंद से कांग्रेस विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, सीए प्रतीक जैन, मंदिर हसौद में रहने वाले जमीन दलाल सुरेश बांदे के ठिकानों पर पहुंची। इसके अलावा कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के ठिकानों पर भी कार्रवाई की थी।*

# राम मंदिर से आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा, फैज खान होंगे मुख्य वक्ता

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



रामनवमी के अवसर पर आज भव्य शोभायात्रा निकलेगी। विगत कई वर्षों से धरमजयगढ़ में नववर्ष के स्वागत में बाईक रैली एवं रामनवमी के दिन शोभायात्रा निकाली जाती है। राम मंदिर से दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर भ्रमण करते हुए धरमजयगढ़ कालोनी काली पूजा मंच में संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में फैज खान का उद्बोधन प्राप्त होगा। बता दें फैज खान राष्ट्रीय गौ कथा वाचक हैं। फैज खान गौ रक्षा के लिए जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक पद यात्रा कर चुके हैं। जो गौ सेवा के लिए लोगों को जागरूक करते हैं। धरमजयगढ़ कालोनी काली पूजा मंच में संध्या 6 बजे इनका उद्बोधन प्राप्त होगा। जिसके लिए समिति द्वारा पूरी तैयारी की गई है। इस शोभायात्रा में क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है।

महापौर के घर ईडी का छापा

# कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस समर्थक और जवानों के बीच हुई झूमा-झटकी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में ED ने आज दूसरे दिन भी कई जगह छापामार कार्रवाई की। इसमें रायपुर महापौर एजाज ढेबर और उनके भाई अनवर ढेबर के घर में भी कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई के विरोध में महापौर के समर्थक उनके घर के सामने पहुंचे, जहां ED और केंद्र सरकार के खिलाफ DJ लगाकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।



जानकारी के अनुसार महापौर एजाज ढेबर के बंगले में ED की कार्रवाई जारी है। कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता महापौर के बंगले के सामने ढोल बजाकर केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी बीच सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात है। इस वक्त निगम सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे भी मौके पर मौजूद हैं।

### तालाब में तैरती मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** राजधानी से लगे आरंग के दमौवा तालाब में युवक की तैरती हुई लाश मिली हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है. पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. लाश के बदबू आ रही है और चमड़ी छिल रही थी. आशंका जताया जा रहा है की लाश 1 से 2 दिन पुरानी है. लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है. यह मामला आरंग थाना क्षेत्र का है।

दो मुख्यमंत्रियों के बीच अमृतकाल और राहुकाल पर जंग

# शिवराज सिंह ने कहा था- देश में अमृत और कांग्रेस में राहुकाल, भूपेश बोले-एफआईआर हो

**रायपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के देश में अमृतकाल और कांग्रेस में राहुकाल बताने वाले बयान पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि इस बयान पर केस बनता है या नहीं बनता है? इस बयान पर एफआईआर होनी चाहिए। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि लोकतंत्र के 75वें स्थापना का देश में अमृतकाल चल रहा और आज लोकतंत्र ही खतरे में है। तमाम एजेंसियों के जरिए डराया धमकाया जा रहा है और विरोधियों को कुचलने के लिए उनका उपयोग किया जा रहा है। अडानी के बारे में जो कोई भी सवाल पूछे उसकी सदस्यता रद्द की जाती है,उसे घर से निकाला जा रहा है और सजा भी दी जा रही है।



इससे पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस में चल रहे घटनाक्रम को लेकर कहा था कि देश में अमृतकाल और कांग्रेस में राहुकाल चल रहा है।राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के बाद मुख्यमंत्री का यह दिल्ली दौरा था। जहां उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की।

# महादेव एप से जुड़ने पर 5 का 25 मिलने का झांसा देकर खाता खुलवाने वाले 7 एजेंट गिरफ्तार

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में अधिक रकम कमाने का झांसा देकर लोगों से नया बैंक खाता खुलवाकर महादेव एप में उपयोग करने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मास्टर माइंड चिरंजीव केशरवानी पूर्व में दुबई जाकर भी महादेव सट्टा एप में काम कर चुका है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। आरोपियों से मोबाइल, बैंक खाता का पास बुक और अन्य दस्तावेज जब्त किया गया है। आरोपियों द्वारा लोगों को बैंक में एक अच्छी स्कीम आने का झांसा देकर गोरखधंधे को अंजाम दिया जाता था।



### लोगों को लालच देकर खुलवाते थे खाता

शुरू मे 5 हजार रुपए बैंक में जमा कर खाता खोलवाने और एक दो माह बाद में 25 हजार रुपए मिलने की बात कहकर आरोपी झांसे में लेते थे। नया खाता खुलवाकर उसको महादेव सट्टा बुक एप में देकर उस खाते का गलत तरीके से उपयोग करते थे।

# राजधानी रायपुर में युवक ने की अपनी नाबालिग पत्नी की हत्या

कैरेक्टर पर शक में कर दिया कत्ल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बुधवार को एक युवक ने अपनी नाबालिग पत्नी की गला घोंट कर हत्या कर दी। हत्या की वजह कैरेक्टर पर शक है। दोनों ही एक दूसरे के कैरेक्टर पर शक करते थे और इसके कारण दोनों में अक्सर विवाद होता था। बुधवार की सुबह भी इनके बीच विवाद हुआ और युवक ने गुस्से में अपनी नाबालिग पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। खासबात यह है आरोपी युवक पहले भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। यह पूरा मामला तिल्दा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक नेवरा के वार्ड नंबर 22 अटल आवास निवासी सागर निर्मलकर ने एक साल पहले ही 17 साल की लड़की से हाल ही में लव मैरीज की थी। शादी के बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है दोनों एक दूसरे के कैरेक्टर पर शक करते थे और इसी वजह से विवाद होता था।



# नक्सलियों ने की पूर्व उपसरपंच और ग्रामीण की हत्या

पुलिस मुखबिरी का लगाया आरोप

**नारायणपुर।** नक्सलियों की एक बार फिर कायराना करतूत सामने आई है. पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने पूर्व उप सरपंच और एक ग्रामीण की की निर्मम हत्या की है। मामला नारायणपुर के धनोरा थाना इलाके और सुकमा के भेजी के ओंधेरपारा का है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची. शव को पीएम के लिए भेजकर मामले की जांच कर रही. रामजी दोदी ग्राम राजपुर के पूर्व उप सरपंच थे. बीती रात गृहग्राम झारा में नक्सलियों ने गला रेतकर उनकी हत्या कर दी. नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाया है. इस मामले में नारायणपुर एसपी पुष्कर शर्मा ने कहा, हत्या की सूचना मिली है.



**शपथ ग्रहण...** *शालिनी सिन्हा सहित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण उपस्थित थे*

# राज्यपाल ने न्यायाधिपति रमेश सिन्हा को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की दिलाई शपथ

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा को आज राजभवन के दरबार हॉल में उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। इसके पूर्व श्री रमेश सिन्हा इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर कार्यरत थे। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा को राष्ट्रपति द्वारा जारी मूल वारंट की प्रति सौंपी।




राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा को पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कृषि एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप जुनेजा भी उपस्थित थे। समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा की धर्मपत्नी श्रीमती शालिनी सिन्हा सहित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह का संचालन प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन द्वारा किया गया तथा उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा जारी वारंट का वाचन किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव द्वय श्रीमती रेणु जी पिल्ले एवं श्री सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, राज्यपाल के सचिव श्री अमृत कुमार खलखो, महाधिवक्ता श्री सतीशचंद्र वर्मा, उच्च न्यायालय बिलासपुर के रजिस्ट्रार जनरल श्री अरविंद वर्मा सहित राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं हाईकोर्ट के अधिवक्तागण उपस्थित थे।





# बिना लाइसेंस और नो पार्किंग में खड़े होने वाले ऑटो पर कार्रवाई, 270 पर चालान

रायपुर। यातायात व्यवस्था के सुगम-सुरक्षित संचालन के लिए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है।



दो दिनों में 270 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बता दें कि यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर के सुगम सुरक्षित यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वाले उल्लंघनकर्ता वाहन चालकों पर समय-समय पर विशेष अभियान चला कर कार्रवाई की जाती है।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर जयप्रकाश बढई के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस रायपुर द्वारा विगत दो दिनों से बिना लाइसेंस के सवारी आटो संचालित करने वाले वाहन चालक एवं नो पार्किंग में खड़े कर सवारी बैठाने वाले आटो चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौक चौराहों में यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा चेकिंग पाइंट लगाकर सवारी आटो चालकों का लाइसेंस चेक किया जा रहा है। इसमें दो दिनों में बिना लाइसेंस और नो पार्किंग में सवारी बैठाने वाले लगभग 270 से अधिक सवारी आटो चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि यातायात व्यवस्था को सुगम सुरक्षित बनाने तथा उल्लंघनकर्ताओं पर प्रभावी बनाने के लिए यातायात पुलिस नए-नए प्रयोग कर रही है। इसी कड़ी में अब नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने वालों का यातायात विभाग हाइटेक तरीके से चालान काट रही है।

# खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा हैं मौसमी घटनाएं, विमर्श का हिस्सा बने जलवायु परिवर्तन

भारत में अगले वर्ष लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं। हैरानी की बात नहीं कि इससे जुड़ी हुई खबरों को ही मीडिया में प्राथमिकता मिलती है। लेकिन क्या हमें उन दूसरे बड़े मुद्दों पर ध्यान नहीं देना चाहिए जो कि अक्सर सत्ता और विपक्ष के बीच चलने वाली राजनीतिक बयानबाजी में दबे रह जाते हैं? मसलन, हाल ही में दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में बारिश हुई। भारी बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में जलजमाव हो गया और उससे बचने के लिए लोगों को भागते हुए देखा गया।

लोगों को सड़कों पर चलते हुए ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते तापमान गिर गया और हमें शानदार नीले आसमान के दर्शन हुए। सोशल मीडिया पर गर्म चाय और पकौड़े की खूब बातें हुईं। मैं ऐसे सुखद पलों के लिए किसी को दोष नहीं दे रही हूं, क्योंकि मैंने भी इन सबका लुफ्त उठाया, लेकिन बारिश को रोमांटिक वातावरण से अलग हटकर देखना जरूरी है।

हममें से कितने लोगों को उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में ओलावृष्टि के साथ हाल की बारिश के बारे में प्रमुखता से खबरें देखने-पढ़ने को मिलीं? इसलिए हमें ध्यान देना चाहिए कि हाल ही में हुई बारिश ने रबी फसलों, विशेष रूप से कटाई के लिए तैयार गेहूं, चना और सरसों की फसलों पर कहर बरपाया है।

भारत के मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार, गेहूं उगाने वाले क्षेत्रों में दर्ज की गई बारिश अकेले 18 मार्च को सामान्य से 137 प्रतिशत या उससे अधिक दर्ज की गई। उससे पहले इसी क्षेत्र में इससे बहुत ज्यादा बारिश हुई थी। भारी बारिश ने सिर्फ फसलों को ही नुकसान नहीं पहुंचाया, बल्कि इसके कारण मौतें भी हुईं। मैंने पिछले दिनों एक खबर पढ़ी, जिसके मुताबिक, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में भारी बारिश और ओलावृष्टि के चलते चार महिलाओं और एक बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। आईएमडी ने अब जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में किसानों को पकी फसलों की कटाई रोकने की सलाह दी है। सलाह में किसानों से यह भी कहा गया है कि वे पहले से ही काटी गई उपज को सुरक्षित स्थानों पर भंडारित कर लें और यदि फसलें खेत में हैं,



उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में हाल की बारिश और ओलावृष्टि ने जिस तरह गेहूं की फसल को बर्बाद किया, वह यही दिखाता है कि किस तरह से जलवायु परिवर्तन खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है। नीति-निर्माताओं के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है।

तो उन्हें तिरपाल से ढक दें।

बेशक किसान इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं, लेकिन यह सब सिर्फ प्रभावित जिलों के किसानों तक सीमित नहीं है। यह हम सबको प्रभावित करता है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चरम और अनियमित मौसमी घटनाएं भारत की खाद्य सुरक्षा को संभावित रूप से खतरे में डाल सकती हैं और खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती हैं। और यही सब कुछ नहीं है। जरा इस तथ्य पर विचार करें कि भारत के लोग जो गेहूं का उपभोग करते हैं, उसका एक बड़ा हिस्सा मात्र पांच राज्यों से आता है-उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान। बेमौसम और भारी बारिश सहित फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले अनिश्चित मौसम के गंभीर परिणाम हो सकते हैं और उसका असर इन राज्यों से परे भी हो सकता है।

इसलिए हमें इन जगहों पर भंडारण सुविधाओं पर बहुत अधिक ध्यान देना चाहिए। हमने देखा है कि बारिश के पानी में भीगने वाली कटी हुई फसल किसानों को कैसे बर्बाद कर सकती है। सुधीर पंवार जैसे कृषि विशेषज्ञ सार्वजनिक रूप से फसल के नुकसान का त्वरित मूल्यांकन और किसानों को तत्काल मुआवजे की आवश्यकता के बारे में बोलते रहे हैं, क्योंकि किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, फसलों के लिए जलवायु लचीलापन विकसित करने की आवश्यकता है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन आ गया है और यदि हमारी कृषि इसकी अनिश्चितताओं से निपटने में सक्षम नहीं है, तो किसानों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। बाकी हम लोगों पर भी।

इसलिए भी हमें जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल (आईपीसीसी) की नवीनतम रिपोर्ट पर अधिक ध्यान देना चाहिए। जलवायु विज्ञान के लिए जिम्मेदार संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था ने हाल ही में एक सिंथेसिस रिपोर्ट जारी की, जो छठे मूल्यांकन चक्र (एआर6 एसवाईआर) की अंतिम रिपोर्ट है।

यह रिपोर्ट सिर्फ शिक्षाविदों और विद्वानों के लिए नहीं है, बल्कि रिपोर्ट के प्रमुख संदेशों को सबको समझने की जरूरत है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन के व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं और उससे नुकसान होता है। इसने प्रकृति और लोगों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसका असर विभिन्न व्यवस्थाओं, क्षेत्रों और वर्गों पर अलग-अलग पड़ता है।

जलवायु परिवर्तन से होने वाले आर्थिक नुकसान का पता कृषि, वानिकी, मत्स्यपालन, ऊर्जा और पर्यटन जैसे जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में लगाया गया है। इससे व्यक्तिगत आजीविका भी प्रभावित हुई है, जैसे-घरों और बुनियादी ढांचे का विनाश, संपत्ति और आय का नुकसान, मानव स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा की हानि, लिंग और सामाजिक समानता पर प्रतिकूल प्रभाव। यह बताता है कि शहरी क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन ने मानव स्वास्थ्य, आजीविका और प्रमुख बुनियादी ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

पत्रलेखा चटर्जी

## संपादकीय


### बयानबाजी और मानहानि

राहुल गांधी के ताजा विवाद पर पक्ष और विपक्ष तलवारें भांजे आमने-सामने खड़ा है। इस विवाद के कानूनी और राजनैतिक पक्षों पर मीडिया में काफी बहस चल रही है। इसलिए उसकी पुनरावृत्ति यहां करने की आवश्यकता नहीं है। पर इस विवाद के बीच जो विषय ज्यादा गंभीर है, उस पर देशवासियों को मंथन करने की जरूरत है। चुनाव के दौरान पक्ष और प्रतिपक्ष के नेता सार्वजनिक रूप से एक दूसरे पर अनेक आरोप लगाते हैं, और उनके समर्थन में अपने पास तमाम सबूत होने का दावा भी करते हैं। चुनाव समाप्त होते ही यह खूनी रंजिश प्रेम और सौहार्द में बदल जाती है। न तो वो प्रमाण कभी सामने आते हैं, और न ही जनसभाओं में उछाले गए घोटालों को तार्किक परिणाम तक ले जाने का कोई गंभीर प्रयास सत्ता पर काबिज हुए नेताओं द्वारा किया जाता है। कुल मिलाकर सारा तमाशा मतदान के आखिरी दिन तक ही चर्चा में रहता है, और फिर अगले चुनावों तक भुला दिया जाता है। हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता का यह एक उदाहरण है, जो हम आजादी के बाद से आज तक देखते आए हैं। हालांकि चुनावों में धन तंत्र, बल तंत्र और हिंसा आदि के बढ़ते प्रयोग ने लोकतंत्र की अच्छाइयों को काफी हद तक दबा दिया है। पिछले चार दशकों में लोकतंत्र को पटरी में लाने के अनेक प्रयास हुए पर उनमें विशेष सफलता नहीं मिली। फिर भी हम आपातकाल के अठारह महीनों को छोड़ कर कमोबेश संतुलित राजनैतिक माहौल में जी रहे थे। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में राजनीति की भाषा में बहुत तेजी से गिरावट आई है, और इस गिरावट का सूत्रपात्र सत्ता पक्ष के दल और संगठनों की ओर से हुआ है।

# राम को आत्मसात करने से ही मुक्ति!

'राम ' नाम मे अदभुत शक्ति है।'रा' का बार बार उच्चारण करने से सामान्य से कम रक्तचाप बढ़ जाता है तो 'म' का उच्चारण करने से सामान्य से अधिक रक्तचाप कम हो जाता है,जबकि अगर 'राम' नाम का उच्चारण किया जाए तो रक्तचाप सामान्य रहता है। वही 'राम' शब्द में जो शांति है,जो सुख है ,जो सन्तुष्टि है। ऐसी किसी अन्य शब्द में नही हो सकती। राम सिर्फ दशरथ पुत्र राम ही नही, अपितु उस परमात्मा का भी नाम है, जिनकी आराधना स्वयं दशरथनन्दन भी करते है।

यानि राम परमसत्ता है तो एक आदर्श का प्रतिरूप भी। तभी तो 'राम' हर किसी के रोम रोम में बसा है। आज से ही नही,बल्कि युगों युगों से राम की महिमा गाई जाती है। सबुरी राममय हुई तो 'राम'सबुरी के हो गए और सबुरी के झूठे बेर तक खा लिए। आज सबुरी जैसी आस्था कम ही देखने को मिलती है। हालांकि 'राम' का मंदिर बनने से असीम उत्साह हर उस व्यक्ति में है जिसके घट में 'राम' है। राम मंदिर मुद्दा कानून की चौखट से होते हुए कानून की ही बदौलत निर्माण तक आ गया है। मंदिर जितना बड़ा और भव्य बन रहा है, उतना ही राम के भक्तो में हर्ष की अनुभूति होगी।लेकिन आवश्यक है कि हम राम को आत्मसात भी करे।राम मर्यादा पुरुषोत्तम है, तो हम भी राम का आदर्श स्थापित करे। राम के उच्च चरित्र को दर्शाती 'रामायण' हिंदू धर्म की एक प्रमुख आध्यात्मिक



धरोहर है परंतु 'रामायण' को बार बार पढ़ने के बावजूद भी उसमें लिखे आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा नहीं हो पा रही है। हम राम के नाम रूप पर तो बहस करते रहते हैं लेकिन राम को अपनाने की कभी कौशिश नही करते। रामायण को जीवन मूल्यों के रूप में समझने की आवश्यकता हैं। ताकि रामायण में लिखी हर बात आज के समय में प्रासंगिक सार्थक सिद्ध हो सके । रामायण महर्षि बाल्मीकी के द्वारा लिखित एक आध्यात्मिक ग्रन्थ है। महर्षि बाल्मीकी ने आध्यात्मिक जागृति व ईश्वरीय अनुभूति के द्वारा दिव्य व महान ग्रन्थ रामायण को रचा था, जिससे वे स्वयं भी महान हो गए।वह व्यक्ति दूसरों का शुभचिंतक हो जाता है,जो स्वयं की अनुभूतियों को समाज कल्याण हेतु प्रयोग कर लोगों में एक नई सोच फैलाने का कार्य करता है। स्वयं का जीवन परिवर्तन होने पर महर्षि बाल्मीकी ने समाज में आध्यात्मिक जागृति लाने का अभियान चलाया । मोह माया में फँसें लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान रोचक लग सके ,इसके लिए उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान को एक रोचक कहानी के रूप में प्रस्तुत किया। जिसमें मुख्य नायक व नायिका राम और सीता को रखा गया। उसी प्रकार महाकवि तुलसी दास ने 'राम चरित मानस' के माध्यम से राम को आदर्श व मर्यादा का पर्याय सिद्ध किया। महर्षि बाल्मीकी ने त्रेता युग के बाद समाज में आध्यात्मिक क्रांति लाने हेतु राम व सीता का नाम व चरित्र समाज के सामने प्रस्तुत किया। तभी तो वे संसार के प्रेरक बन गए । हम रामायण के सभी पात्रों को उसी तरह से स्वीकार करते हैं जैसे रामायण को पढ़ने पर जान पडता है ।परन्तु इस तरह से तो रामायण में दर्शाए गए पूर्णतः अहिंसक पात्र भी हिंसक नज़र आते हैं जैसे राम के द्वारा रावण का वध करना, भगवान की परिभाषा को खंडित करता है ,राम यदि भगवान हैं तो वह हिंसक हो ही नहीं सकते और राम यदि सर्वशक्तिमान ईश्वर है तो उनकी सीता को एक दैत्य ( रावण ) कैसे उठाकर ले जा सकता है ? इसलिए कहीं न कहीं रामायण को किसी और परिपेक्ष में देखने की आवश्यकता है। रामायण का वास्तविक् अर्थ जानने के लिए रामायण के विभिन्न पात्रों को निम्नलिखित रूप में समझ कर पढ़ें तो आपको उसमें लिखा एक एक आध्यात्मिक बिंदु समझ आ आएगा । राम वास्तव में परमात्मा ही है जो संगम युग में धरा पर अवतरित हो कर अपनी बिछड़ी हुई सीता ( सतयुगी आत्मा ) को रावण ( विकारों ) के चंगुल से छुड़ाने आते है ।सीता, हर वह आत्मा जो वास्तव में पवित्र है परंतु आज रावण के चंगुल में फँसी होने के कारण संताप झेल रही है । रावण ,पतित व विकार युक्त सोच व धारणा ही रावण है जिसमें फँसी हर आत्मा आज विकर्मों के बोझ तले दबती जा रही है ।

**डॉ श्रीगोपाल नारसन एडवोकेट**

## मिला जुला

# कर्नाटक में चुनावी ऐलान, 10 मई को मतदान; 13 मई को आएंगे परिणाम

**नई दिल्ली.** कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान बुधवार को हो चुका है। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी कार्यक्रम के अनुसार, दक्षिण भारतीय राज्य में एक ही चरण में 10 मई को वोट डाले जाएंगे। वहीं, नतीजें 13 मई को मतगणना होगी राज्य की 224 विधानसभा सीटों पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और जनता दल (सेक्युलर) दावेदारी पेश कर रही हैं। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है। चुनाव आयोग ने जानकारी दी है कि कर्नाटक में कुल मतदाताओं की संख्या 5.21 करोड़ है। इनमें पुरुष वोटर 2.62 करोड़ और महिला मतदाता 2.59 करोड़ हैं। इस दौरान आयोग ने बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को वोट फ्रॉम होम यानी घर से ही वोट डालने की सुविधा देने की तैयारी की है।



### कर्नाटक विधानसभा चुनाव के जरूरी आंकड़े

कर्नाटक में एससी/एसटी की हिस्सेदारी 24.5 फीसदी है। जबकि, मुस्लिम मतदाता 16 प्रतिशत हैं। इनके अलावा राज्य में लिंगायत 14 फीसदी और वोक्कलिगा 11 प्रतिशत हैं। साथ ही राज्य की कुल 225 में से 36 सीटें दलित, 15 सीटें आदिवासी, 01 मनोनीत के लिए आरक्षित हैं। वहीं, 173 सीटें सामान्य होंगी।

### पिछला चुनाव

साल 2018 विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद कर्नाटक को कांग्रेस-जेडीएस गठबंधन की सरकार मिली थी। हालांकि, बाद में भाजपा कई बागी विधायकों का समर्थन हासिल करने में सफल हो गई थी। फिलहाल, विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या 121 है। वहीं, कांग्रेस विधायक 70 हैं। जेडीएस के विधायकों की संख्या 30 पर है।

### क्या दांव पर?

कर्नाटक को कभी कांग्रेस का गढ़ माना जाता था, लेकिन फिलहाल सत्ता भाजपा के पास है। ऐसे में कांग्रेस राज्य में दोबारा मजबूत वापसी करने की कोशिश में है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को सीएम फेस के तौर पर दिखा रही है। साथ ही प्रदेश प्रमुख डीके शिवकुमार को भी साध रही है। हाल ही में कांग्रेस ने 124 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।

इधर, दक्षिण भारत के राज्यों में विस्तार की कोशिशों में जुटी भाजपा के लिए कर्नाटक ही एकमात्र गढ़ है। ऐसे में पार्टी के लिए कर्नाटक फतह करना काफी अहम होगा। हालांकि, 2023 में तेलंगाना चुनाव भी होने हैं और पार्टी भारत राष्ट्र समिति के सामने चुनौती पेश कर रही है। मौजूदा कार्यकाल में भाजपा ने सीएम बदलकर बीएस येदियुरप्पा की जगह कमान बसवराज बोम्मई को दे दी थी। 224 सदस्यीय कर्नाटक विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त हो रहा है। एक ओर जहां भाजपा सत्ता में बने रहने की कोशिश में है। वहीं, कांग्रेस बड़ी चुनौती पेश कर रही है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि जेडीएस की मौजूदगी दक्षिण भारतीय राज्य के सियासी मुकाबले को त्रिकोणीय बना सकती है।

## एक नजर

### राष्ट्रगान के अपमान मामले में ममता बनर्जी को झटका, बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका मिला है. दरअसल, राष्ट्रगान का अपमान करने को लेकर ममता बनर्जी के खिलाफ कार्रवाई की मांग संबंधी मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय ने उन्हें राहत देने से इनकार कर दिया है. वहीं, इस मामले में मुंबई की एक विशेष अदालत ने निचली अदालत द्वारा सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ जारी समन को निरस्त कर इस मामले की सुनवाई फिर से करने के आदेश दिए थे.

### लैंड फॉर जॉब मामले में टली सुनवाई

उजाला न्यूज

**रेलवे** में नौकरी के बदले रिश्वत में जमीन लेने के मामले में आरोपों का सामना कर रहे आरजेडी चीफ लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती आज एक बार फिर से राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी थी. कोर्ट द्वारा पिछली तारीख पर लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को जमानत दी थी और आज यानि 29 मार्च 2023 को सुनवाई के लिए तिथि तय की थी. आज इस मामले में सुनवाई टल गई है. 8 मई को मामले में अगली सुनवाई होगी.

# एनएसए की बैठक में जमकर गरजे डोभाल, पाक-चीन के एनएसए के सामने उठाया आतंकवाद-घुसपैठ का मामला

नई दिल्ली. शंघाई सहयोग संगठन की बैठक दिल्ली में आयोजित हो रही है। आज शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक हो रही है। इस बैठक में शामिल होने के लिए कई देशों के एनएसए भारत आए हुए हैं।

भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल हुए हैं। बैठक के दौरान अपने संबोधन में अजीत डोवाल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर में अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा और उसमें चाबहार बंदरगाह को शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत जून 2017 में शंघाई सहयोग संगठन का सदस्य बना था लेकिन इसके सदस्यों देशों से हमारे संबंध कई सदी पुराने हैं।



### क्या है आईएनएसटीसी

बता दें कि उत्तर दक्षिण ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर भारत से रूस के बीच का कॉरिडोर है, जो ईरान से होकर गुजरता है। इस कॉरिडोर का उद्देश्य भारत और रूस के बीच ट्रांसपोर्ट की लागत को कम करना और समय की अवधि को भी कम करना है। 7200 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में सड़कें, रेल और समुद्री रास्ता शामिल है। यह कॉरिडोर सेंट्रल एशिया और ईरान के जरिए भारत और रूस को जोड़ता है। भारत की कोशिश है कि ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह को भी इस कॉरिडोर में शामिल किया जाए।

### आठ सदस्य देश हैं शंघाई सहयोग संगठन में

इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शीर्ष अधिकारियों का स्वागत किया। इस बार भारत इसकी अध्यक्षता कर रहा है। साल 2001 में गठित किए गए शंघाई सहयोग संगठन में आठ सदस्य देश हैं, जिनमें भारत, चीन, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। वहीं चार देश पर्यवेक्षक हैं, जिनमें अफगानिस्तान, बेलारूस, ईरान और मंगोलिया का नाम शामिल है।

समर्पण के लिए रखीं तीन शर्तें

# अमृतपाल सिंह सरेंडर की तैयारी में, भारी फोर्स तैनात

**खालिस्तान** की मांग करने वाला अमृतपाल सिंह पंजाब पुलिस को करीब दो सप्ताह तक छकाने के बाद सरेंडर करने की तैयारी में है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी है। इससे पहले बुधवार की सुबह ही वह होशियारपुर जिले में देखा गया था, लेकिन पुलिस को चकमा देकर वह फरार हो गया था। लेकिन अंत में लुका छिपी का खेल समाप्त होता दिख रहा है। इस बीच पंजाब पुलिस में कुछ अहम बदलाव भी हुए हैं। जालंधर ग्रामीण के एसएसपी स्वर्णदीप सिंह का तबादला कर दिया गया है। उन्हें अमृतसर में डीसीपी इन्वेस्टिगेशन के पद पर तैनाती दी गई है।

इसके अलावा जालंधर ग्रामीण का एसएसपी मुखविंदर सिंह को बनाया गया है। पंजाब पुलिस सूत्रों का कहना है कि यूपी के लखीमपुर खीरी, हरियाणा के कुरुक्षेत्र और दिल्ली



समेत कई राज्यों में घूमने के बाद अमृतपाल सिंह खुद ही सरेंडर की कोशिश में है। सूत्रों का कहना कि अमृतपाल सिंह अकाल तख्त के माध्यम से किसी गुरुद्वारे में ही सरेंडर कर सकता है। इस बीच प्रशासन ने अमृतसर जिले की सीमाओं पर सख्ती बढ़ा दी है। इसकी वजह यह है कि इसी जिले में पवित्र स्वर्ण मंदिर है और प्रशासन को आशंका है कि वह यहां भी घुस सकता है।

### गुरुद्वारे में अमृतपाल कर सकता है सरेंडर

अमृतसर में पंजाब पुलिस ने हाई अलर्ट जारी करते हुए गोल्डन टेंपल के आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी है। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा अमृतपाल के बठिंडा के तलवंडी साहिब स्थित तख्त श्री दमदमा साहिब में भी सरेंडर करने की संभावना है।

खबर है कि अमृतपाल सिंह ने सरेंडर को लेकर तीन शर्तें भी रख दी हैं। पहली शर्त यह कि गिरफ्तारी को आत्मसमर्पण दिखाया जाए। दूसरी शर्त पंजाब की जेल में रखा जाए जबकि तीसरी शर्त बुरा व्यवहार ना किया जाए।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, गुरुवार 30 मार्च 2023

# छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से लागू होगी बेरोजगारी भत्ता योजना, पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह मिलेंगे 2500 रूपये

## 1 अप्रैल से शुरू होगी ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन हेतु कोई अंतिम तिथि नहीं

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता योजना लागू हो रही है। इस योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को हर माह 2500 रूपए का भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। बेरोजगारों को साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी। बेरोजगारी भत्ता योजना का लाभ लेने आवेदक के पूरे परिवार की आय सलाना 2.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। परिवार से तात्पर्य पति-पत्नी, आश्रित बच्चे और आश्रित माता-पिता से है।

### पात्रता की शर्तें

बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। योजना के लिए आवेदन किए जाने वाले वर्ष के 1 अप्रैल को आवेदक की उम्र 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम हायर सेकेण्डरी यानी 12वीं कक्षा पास हो। साथ ही छत्तीसगढ़ के किसी भी जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष की 1 अप्रैल की स्थिति में हायर सेकेण्डरी या उससे अधिक योग्यता से उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की स्वयं का आय का कोई स्रोत न हो और आवेदक के परिवार के सभी स्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक न हो। पारिवारिक आय हेतु तहसीलदार या उससे उच्च राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र बेरोजगारी भत्ता की आवेदन तिथि से 1 वर्ष के अंदर ही बना हो।

### कौन होगा अपात्र

बेरोजगारी भत्ता योजना के आवेदक के परिवार के एक से अधिक सदस्य यदि पात्रता की शर्तों को पूरा करते हैं तो परिवार के एक ही सदस्य को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी भत्ता उस सदस्य को स्वीकृत किया जाएगा। जिसकी उम्र अधिक हो। उम्र समान होने की स्थिति में रोजगार कार्यालय में पहले पंजीयन कराने वाले सदस्य को बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र किया जाएगा। उम्र और रोजगार पंजीयन की तिथि, दोनों समान होने की स्थिति में उस सदस्य को पात्र किया जाएगा जिसकी शैक्षणिक योग्यता अधिक हो। आवेदक के परिवार का कोई भी सदस्य केंद्र या राज्य सरकार की किसी भी संस्था या स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या फिर ग्रुप डी को छोड़कर अन्य किसी भी श्रेणी की नौकरी में होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है। परंतु आवेदक ऑफ र स्वीकार नहीं करता है तो वह योजना के लिए अपात्र हो जाएगा।

पूर्व और वर्तमान मंत्रियों,राज्य मंत्रियों और संसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। साथ ही ऐसे पेंशनभोगी जो 10 हजार रूपए या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं, उनके परिवार के सदस्य भत्ते के लिए अपात्र होंगे।

साथ ही इनकम टैक्स भरने वाले परिवार के सदस्य, डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।




*** हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे मिलेगा भत्ता**

*** कौशल विकास प्रशिक्षण के साथ रोजगार-स्वरोजगार स्थापित करने का मिलेगा अवसर**

### आवेदन की प्रक्रिया.

बेरोजगारी भत्ता योजना के लिए प्रतिवर्ष संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा। इच्छुक आवेदकों से बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए पद में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जायेंगे। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। वेबसाइट में आवेदक को सबसे पहले अपना मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड करना होगा। रजिस्ट्रेशन के समय ओटीपी की एंट्री करनी होगी। ओटीपी सत्यापन के बाद आवेदक को अपना लॉग.इन पासवर्ड बनाना होगा और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं पासवर्ड के आधार पर बेरोजगारी भत्ता पोर्टल में आवेदन के लिए लॉग इन करना होगा। आवेदक को अपनी सभी मूलभूत जानकारी निर्धारित फार्मेट के अनुसार पोर्टल में अपलोड करनी होगी। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन में पते के रूप में उसी जनपद पंचायत या नगरीय निकाय का पता देना होगा। जहां से उसका छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र जारी हुआ है। ताकि उसे प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए उसी पंचायत या निकाय क्षेत्र में बुलाया जा सके। विवाहित महिलाओं को अपने पति के निवास प्रमाण पत्र से संबंधित जनपद पंचायत या नगरीय निकाय क्षेत्र के निवास का पता एंट्री करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदक को आवेदन का प्रिंट निकालकर उस पर हस्ताक्षर करना होगा और उसके साथ अन्य सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ उसे सत्यापन तिथि को निर्धारित समय और स्थान पर आना अनिवार्य होगा। सत्यापन तिथि, स्थान और समय की जानकारी पोर्टल के डैशबोर्ड पर उपलब्ध कराई जाएगी। डैशबोर्ड पर ही पात्रता, अपात्रता, अपील पर लिए गए निर्णय, बेरोजगारी भत्ते के भुगतान की गई राशि और कौशल प्रशिक्षण के ऑफर की जानकारी मिलेगी।

### अपील एवं शिकायत की प्रक्रिया एवं उसका निराकरण

अपात्र घोषित होने पर आवेदक को 15 दिन के अंदर पोर्टल में अपने दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन अपील करना होगा। आवेदक के अपील का निराकरण कलेक्टर या कलेक्टर द्वारा अधिकृत अधिकारी 15 दिन के अंदर करेंगे और अपील का निर्णय पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। यदि कोई अपात्र आवेदक पात्र घोषित कर दिया जाता है तो इसके खिलाफ कोई भी व्यक्ति कलेक्टर या अधिकृत अधिकारी को तथ्यों के साथ शिकायत कर सकता है। इस शिकायत पर 15 दिनों के अंदर सुनवाई कर निर्णय लिया जाएगा। इस निर्णय की जानकारी को भी पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। शिकायत सही पाये जाने पर आवेदक का बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### बेरोजगारी भत्ता का भुगतान

बेरोजगारी भत्ता योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को रोजगार एवं प्रशिक्षण संचालनालय, नवा रायपुर द्वारा प्रतिमाह 2500 रूपए का भुगतान सीधे हितग्राही के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा। आवेदन करते समय आवेदक को अपने बचत बैंक खाते का खाता नंबर, आईएफ एससी कोड की सही जानकारी देनी होगी। बैंक खाता में त्रुटि के कारण भुगतान नहीं हो पाने की जिम्मेदारी आवेदक की होगी।

### बेरोजगारी भत्ता की अवधि

योजना के अंतर्गत बेरोजगारी भत्ता के लिए पात्र आवेदक को प्रथमतः एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि हितग्राही विशेष को एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन प्राप्त नहीं होता है तो इस अवधि को एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकेगा। किसी भी स्थिति में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी।

### कौशल प्रशिक्षण

योजना अंतर्गत जिन आवेदकों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जाएगा उन्हें एक वर्ष की समयावधि में कौशल विकास प्रशिक्षण का ऑफर दिया जाएगा। कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद आवेदक को रोजगार प्राप्त करने में सहायता की जाएगी। आवेदन में उल्लेखित व्यवसायों में से किसी एक व्यवसाय में कौशल विकास प्रशिक्षण निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवेदक प्रशिक्षण लेने से इंकार करते है या ऑफर किया गया रोजगार स्वीकार नहीं करते है तो उनका बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया जाएगा।

### बेरोजगारी भत्ता हितग्राहियों की समीक्षा

*संबंधित पंचायत व निकाय नियमित रूप से हर 6 माह में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की जांच कर यह सुनिश्चित करेंगे कि वे अभी भी बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए पात्र हैं या नहीं। जांच में अपात्र होने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी किया जाएगा और सुनवाई के बाद उनका बेरोजगारी भत्ता बंद करने का आदेश जारी किया जाएगा एवं इसकी जानकारी पोर्टल में अपलोड की जाएगी। इस स्थिति में रोजगार विभाग द्वारा उन्हें बेरोजगारी भत्ते की राशि प्रदाय करना बन्द कर दिया जाएगा। बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने वाले हितग्राही को यदि किसी प्रकार का रोजगार या स्वरोजगार प्राप्त हो जाता है तो इसकी जानकारी हितग्राही को स्वयं बेरोजगारी भत्ता के पोर्टल में तत्काल अपलोड करनी होगी। इस संबंध में जानकारी नहीं देने पर संबंधित निकाय या पंचायत को इसकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त होती है तो हितग्राही का भत्ता तत्काल बंद करने की जानकारी की प्रविष्टि पोर्टल में करेंगे और संबंधित हितग्राही के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इस योजना के लिए कौशल विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है। पात्र हितग्राहियों को प्रतिमाह ऑनलाइन बेरोजगारी भत्ता का भुगतान, संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रोजगार द्वारा किया जाएगा।*

## एक नजर

### सरपंच पर शासकीय जर्जर स्कूल व जगह को बेचने का लगा आरोप

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

पुरा मामला बेमेतरा जिले के नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिलाई का है। जहां सरपंच नीता नवरंग के द्वारा शासकीय स्कूल जर्जर भवन व जगह को बेचने का लगा आरोप ग्राम नवलपुर का तोरई बारले का कहना है की सरपंच ने मेरे पास 2 लाख 6 हजार में नीलामी के रूप में बेचा गया है जिनको मैं 1 लाख नगदी रकम दिया हूं और 1 लाख 6 हजार एक साल बाद दिया हूं। जिसमें सरपंच ने अपने लेटर पेड व 100 रुपये का स्टाम में गवाह, नोटरी के साथ लिख कर दिया है। जिसमें ग्राम पंचायत बिलाई के आश्रित ग्राम नवलपुर के तोरई दास बारले ने अपने समस्याएं का मीडिया के सामने गुहार लगाया कहा ग्राम पंचायत बिलाई के सरपंच नीता बाई नवरंग ने जर्जर स्कूल भवन व जगह को गांव का तोरई बारले के पास 2 लाख 6 हजार में नीलामी कर बेचा गया है। जिसमें मेरे पास उनका ग्राम पंचायत लेटर पेड में व 100 स्टाम में मेरे सामने व गवाह के सामने नोटरी करवाकर दिया गया था जिनके बाद भी सरपंच द्वारा पानी टंकी बनेगा करके जेसीबी मंगाकर तोड़वाया गया और मेरे पास रहने के लिए घर भी नहीं है कहा और दोषियों के ऊपर जल्दी से जल्दी कार्यवाही करने की मांग किया। ग्राम पंचायात बिलाई सरपंच नीता नवरंग द्वारा बताया गया की मेरे द्वारा नहीं बेचा गया है और ना ही लेटर पेड दिया है।



### काम दिलाने और फिर शादी का झांसा देकर 3 माह तक किया शोषण..



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालय बिलासपुर में एक युवती को काम दिलाने और फिर बाद में शादी का झांसा देकर लगातार दैहिक शोषण का मामला उजागर हुआ है। आरोपी युवक जो कि ठेकेदार बताया जा रहा है, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवती द्वारा पुलिस में की गई शिकायत के मुताबिक, आरोपी युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा किया और तीन महीने तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। बाद में युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो युवक ने शादी करने से साफ मना कर दिया। उसकी हरकतों से तंग आकर युवती ने केस दर्ज करा दिया। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक प्रार्थिया मूलतः मुंगेली जिले की रहने वाली है। उसने अपनी उम्र 28 वर्षी बताया है। युवती तीन महीने पहले बिलासपुर आकर तिफरा क्षेत्र में काम की तलाश कर रही थी। इसी बीच वह प्राइवेट जॉब कर रही थी। तभी उसकी मुलाकात उसी इलाके के शांतिनगर में रहने वाले ठेकेदार वर्षीय नेहरू साहू से हुई। उसने युवती को अच्छा काम दिलाने का झांसा देकर दोस्ती गांठ ली। इस बीच लगातार दोनो संपर्क में रहे। इसी दौरान पिछले दिसंबर महीने में नेहरू साहू ने एक दिन युवती को सरकंडा स्थित किराए के मकान में ले गया, जहां उसने लड़की से शारीरिक संबंध बनाया।

### पीएम आवास योजना के जरिए दिया मकान दिलाने का झांसा, फिर दर्जनों से ठगे लाखों रुपये

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने का झांसा देकर भिलाई में दर्जनों लोगों से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। सुपेला में बाकायदा इसके लिए दफ्तर का संचालन भी किया जा रहा है। लोगों को झांसे में लेकर उनसे रुपये ऐंठने के बाद दफ्तर का चक्कर कटवाते थे। चिंगरी पारा, नेहरू भवन के पीछे रहने वाले राकेश चौसरे (26) ने ज्योति सोनी, मकसूद , रेशमा खातून व शाहिद के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। सुपेला पुलिस ने मामले में 34, 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहरू भवन सुपेला स्थित राकेश मोबाइल का संचालक राकेश चौसरे ने सुपेला थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास लेना था। उसके परिचित रमेश खंडारे से पता चला कि ज्योति सोनी नाम की महिला प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जरूरतमंद लोगों को आवास दिलाने का काम करती है। इसकी जानकारी होने के बाद राकेश पांच रास्ता सुपेला स्कूल के पीछे स्थित मुद्रा फाइनेंस में ज्योति सोनी से 2020 में मुलाकात की।



# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने आज समय सीमा की बैठक ली

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़–बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आज कलेक्टोरेट में जिले के कार्यों की समय सीमा की बैठक ली।




कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन का वर्तमान एवं भावी योजनाएं का संचालन एवं निर्धारण ग्रामीण एवं शहरी सभी क्षेत्रों के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 कार्य के आधार पर होगा। इसलिए सभी संबंधित अधिकारियों को 1 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन अपडेट लेते हुए निरंतर कार्य करने के लिए कहा। इसी प्रकार बेरोजगारी भत्ता के लिए 1 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कार्य शुरू होगा। जिले के सभी जनपद पंचायत और नगरीय निकाय इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन की तैयारी एवं प्रशिक्षण तत्काल करें। ऑनलाइन आवेदन के प्रिन्ट, मूल दस्तावेज, बैंक खाता, पात्र-अपात्र, अपील आदि के संबंध में सावधानी से कार्य करें। बेरोजगारों को लाइवलीहुड कॉलेज से प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कलेक्टर ने रीपा, डीएमएफ में रजिस्ट्रेशन, ऑनलाइन पोर्टल में साप्ताहिक निराकरण की स्थिति की जानकारी ली और प्रकरणों को निराकरण शीघ्र करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले के सभी स्कूलों की एंट्री पूरा करने के लिए अधिकारियों को कहा। उन्होंने धान के भंडारण, रखरखाव और बारदाना की उपलब्धता, पीडीएस वितरण आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीईओ, सीएमओ, तहसीलदार और अन्य अधिकारियों को राज्य शासन की योजनाओं से संबंधित शिविर आयुष्मान, मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना और शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, धन्वन्तरी आदि का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल के शिक्षक भर्ती, नगर पंचायत क्षेत्रों में गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, रीपा केन्द्रों में विद्युतीकरण, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, निजी खातेदार सह खातेदार एवं आधार प्रविष्टि, धान बोनस, कृषि बीज वितरण, वनोपज, मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, गर्मी में पेयजल की उपलब्धता आदि के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में जिन किसानों के खातों में राशि भुगतान नहीं हुआ हैए ऐसे प्रकरणों का निराकरण करने के लिए कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट के लक्ष्य उत्पादन को पूरा करने के लिए कहा। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों में जागरूकता के लिए कोटवार से मुनादी कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने संभावित सड़क दुर्घटना स्थलों के कार्योंए संकेतक आदि को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

## एनटीपीसी तलईपल्ली अब भेज सकेगा देश भर में अपना कोयला, कोयला प्रणाली की तरफ बड़ी पहल

जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।

एनटीपीसी तलईपल्ली ने अपनी कोयला परिवहन प्रणाली को मजबूत और बेहतर बनाने के लिए कुछ अहम कदम उठाये हैं। हाल ही में, एनटीपीसी तलईपल्ली ने अपने एमजीआर मैरी गो राउंड, नेटवर्क को, भारतीय रेल के नेटवर्क से जोड़ लिया है। एनटीपीसी तलईपल्ली और भारतीय रेल के इस सहयोगी प्रयास के बाद एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना अपने कोयले की रेकों को देश में जगह-जगह स्थित एनटीपीसी थर्मल पावर स्टेशंस में भेजने के लिए सक्षम बन गयी है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने, 24 मार्च को, एक अधिसूचना जारी कर एनटीपीसी तलईपल्ली के एमजीआर नेटवर्क और भारतीय रेल के नेटवर्क के मेल को आधिकारिक रूप दे दिया है। एनटीपीसी तलईपल्ली का एमजीआर नेटवर्क, परियोजना के सबसे मुख्य कार्यों में से एक है। इसका निर्माण लारा में स्थित सुपर थर्मल पावर प्लांट में कोयला पहुंचाने के लिए किया गया है। इस के आलावा, पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी यह एक सकारात्मक कदम है। हालांकि लारा में कोयला निरंतर आगे भी पहुंचाया जाएगा। लेकिन इस अधिसूची के बाद, एनटीपीसी तलईपल्ली जरुरत पड़ने पर, देश के किसी भी कोने में अपना कोयला पहुंचा सकेगी।



इसी के साथ-साथ, एनटीपीसी तलईपल्ली के लोडिंग पॉइन्ट को गति शक्ति मल्टी मोडल कार्गो टर्मिनल योजना के अंतर्गत निजी साइडिंग की श्रेणी में डाल दिया गया है। एनटीपीसी तलईपल्ली अब स्वतंत्रता से खदानों से निकले कोयले को रेकों में लोड कर सकेगा और बिना किसी रुकावट, जरुरत के हिसाब से कोयला भेज भी सकेगा। देश में पनप रहे कोयला संकट से लड़ने में एनटीपीसी तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना की एक बहुत अहम भूमिका है। अब भारतीय रेल के इस कदम के बाद, एनटीपीसी तलईपल्ली परियोजना का कोयला परिवहन का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

# ट्रक ने स्कूल बस को मारी पीछे से टक्कर, 22 से ज्यादा बच्चे घायल

जोहार छत्तीसगढ़–कुसमी।

विकास खंड के ग्राम पंचायत खुखरी में संचालित बाल भारती पब्लिक स्कूल का स्कूली बस को सुबह बच्चों को स्कूल लाने के दौरान ट्रक के द्वारा पीछे से टक्कर मारने के बाद बस पलट गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना पश्चात स्थानियों व बरियों पुलिस की मदद से बच्चों को बरियों सहित राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहाँ दो बच्चों को अम्बिकापुर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार रोजाना की तरह बुधवार को खुखरी में संचालित बाल भारती पब्लिक स्कूल की बस क्रमांक सीजी 30 बी 4752 के चालक खुखरी निवासी 45 वर्षीय



रमेश बेक पिता सिबुल बेक सुबह 9 बजे स्कूल के लिए बच्चों को लेकर आ रही थी। तभी ग्राम चांची बेरियर के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएच 9931 के चालक बरदारी जिला गढ़वा निवासी 20 वर्षीय रोहित यादव पिता अमृत यादव ने स्कूल बस को पीछे से टक्कर मार दी टक्कर से बच्चों से भरा स्कूली बस पलट गई। स्कूल बस में उस वक्त करीबन 35 से 40 बच्चे सवार थे।

बस पलटने से बच्चे बेहद भयभीत हो गए जिससे बस के अंदर काफी चीख पुकार होने लगी, स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल बरियों चौकी को सूचित







किया गया एवं बच्चों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। वहीं घटना की जानकारी लगते ही राजपुर एसडीएम चेतन साहू बरियों चौकी प्रभारी अमित बधेल विकास खंड शिक्षा अधिकारी आदित्य पाटनवार मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया एवं बच्चों का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है। हादसे में कुल 22 बच्चों को मामूली चोटें आई हैं जिसमे दो बच्चों को अम्बिकापुर रेफ र किया गया है। बरियों पुलिस की तत्परता से ट्रक को जप्त कर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गुरुपाल भल्ला ने खोली प्रकाश नायक की पोल

## कोतरा रोड रेलवे ओवर ब्रिज के भाजपा शासनकाल में स्वीकृति के प्रमाण उपलब्ध कराएं

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा नेता गुरुपाल भल्ला ने विधायक प्रकाश नायक की पोल खोलते हुए उन्हें भाजपा शासनकाल में स्वीकृत कार्य का श्रेय लेने से बाज आने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि कोतरा रोड ओवर ब्रिज को लेकर प्रकाश नायक द्वारा किए जा रहे दावे की कलई खुद राज्य शासन के पीडब्लूडी विभाग ने ही खोल दी है। लोक निर्माण विभाग के सेतु निर्माण संभाग रायगढ़ ने कोतरा रोड ओवर ब्रिज पर जो बोर्ड लगाया है उसमें इस बात का स्पष्ट उल्लेख है उक्त ओवर ब्रिज को जब प्रशासकीय स्वीकृति मिली जब प्रकाश नायक विधायक थे ही नहीं। गुरुपाल भल्ला ने कोतरा रोड ओवरब्रिज लग रहे सरकारी बोर्ड की तस्वीरें मीडिया को उपलब्ध कराते हुए बताया कि




कोतरा रोड रेलवे ओवर ब्रिज के लिए 80202 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति 28 मार्च 2018 को ही मिल गई थी जबकि प्रकाश नायक ग्यारह दिसंबर 2018 में विधायक बने। गुरुपाल भल्ला ने सवाल किया है कि विधायक बनने के 9 महीने पहले ही प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कर चुके कोतरारोड ओवरब्रिज का श्रेय प्रकाश नायक आखिर किस



हक से ले रहे हैं।

गुरुपाल भल्ला ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि केंद्र में दस साल तक कांग्रेस की सरकार रही तब संसद में तात्कालिक सांसद विष्णुदेव साय द्वारा लगातार इस ब्रिज की मांग की गई मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। मोदी सरकार आने के बाद साय और तात्कालिक विधायक स्व रोशन अग्रवाल संयुक्त रूप से कई विकास कार्यों के विषय को लेकर तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के पास गए और राज्य शासन की तरफ से यह प्रस्ताव केंद्र को भिजवाया जिस पर केंद्र ने सहमति दी। रमन सरकार द्वारा तैयार ड्राइंग डिजाइन के आधार पर ही ब्रिज को 28 मार्च 2018 को प्रशासकीय स्वीकृति मिली। तब प्रकाश नानक नही स्व रोशन अग्रवाल विधायक थे। गुरुपाल भल्ला ने कहा कि प्रकाश नायक को अपनी याददाश्त दुरुस्त करने की जरूरत है। उन्हें यह याद रखना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में 18 सीटों के लिए पहला मतदान 12 नवंबर 2018 को आयोजित किया गया था। और दूसरा 72 सीटों के लिए 20 नवंबर 2018 को आयोजित किया गया था और मतगणना 11 दिसंबर 2018 को थी। अर्थात उनके विधायक बनने के 9 महीने पहले ही कोतरा रोड ओवर ब्रिज को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी थी। यह भी तथ्य है कि 28 मार्च 2018 में जब कोतरा रोड रेलवे ओवर ब्रिज की प्रशासकीय स्वीकृति मिली उसी तारीख को जयराम नगर, उरकुरा, और कोरबा स्थित उरगा में भी ओवर ब्रिज को मोदी सरकार ने प्रशासकीय स्वीकृति दी थी।

गुरुपाल भल्ला ने कहा कि स्वीकृति के बाद भी काम चालू करवा पाने में नाकाम विधायक प्रकाश नायक केवल शिलान्यास को ही अपनी उपलब्धि मान बैठे और काम शुरू करवाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई । लेट लतीफी के मामले को लेकर सांसद गोमती साय को संसद में बात रखनी पड़ी। गुरुपाल भल्ला ने कहा कि ये वही प्रकाश नायक हैं जिन्होंने सरकारी शिलान्यास कार्यक्रम में सांसद गोमती साय को आमंत्रित करने से भी परहेज किया और अब उनकी कोशिश है कि लोकार्पण कार्यक्रम में भी महिला सांसद की उपेक्षा की




जाय। उन्होंने कहा कि प्रकाश नायक चाहे जितनी कोशिश कर लें पर उनके विधायकी के काठ की हांडी दुबारा चढ़ने वाली नही है। जनता उनकी शून्य उपलब्धि का करारा ज़बाब देगी।

## समाचार सार

### अंकित अग्रवाल बनाए गए अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष

#### कहा सक्रियता के साथ महाराजा अग्रसेन के सिद्धांतों को पहुंचाएंगे जन-जन तक

जोहार छत्तीसगढ़-सकती।

शक्ति शहर के युवा समाजसेवी अंकित अग्रवाल को अंतरराष्ट्रीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के शक्ति जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उक्त आशय की नियुक्ति अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल युवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अमित चौधरी द्वारा की गई है। जिसकी जानकारी प्रदेश कार्यालय प्रभारी मीडिया श्याम अग्रवाल खरोरा ने दी है। तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल युवा संगठन का अध्यक्ष बनने पर अंकित अग्रवाल ने कहा है कि जो जवाबदारी उन्हें समाज के जिला अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। वे पूरी तत्परता के साथ अपने



कार्यों का निर्वहन करेंगे। साथ ही श्री-श्री 1008 श्री भगवान अग्रसेन के बताए मार्गों पर चलते हुए समाज के युवाओं को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का भी कार्य करेंगे वहीं अंकित अग्रवाल की नियुक्ति पर युवा समाज बंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। उल्लेखित अंकित अग्रवाल वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा शक्ति नगर मंडल के अध्यक्ष तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भी है।

# चैत्र नवरात्रि पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुई- डॉ. जगजीवन खरे

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

चैत्र नवरात्रि महापर्व के अवसर पर नवागढ़ विधानसभा का अनेक ग्रामों में रामचरित मानस सहित अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष डॉ, जगजीवन खरे ने ग्राम बुचीपुर में आयोजित मां महामाया देवी का कार्यकम में शामिल होकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्र की खुशहाली सुख शांति एवं समृद्धि के लिए आदिशक्ति माता से प्रार्थना की। और मां





महामाया देवी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की मंगलकामना की। भाजपा नेता डॉ. जगजीवन खरे ने समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे हिन्दू परंपरा में नवरात्रि पर्व का विशेष महत्व है। पूरे देश प्रदेश के साथ हमारे क्षेत्र में भी नवरात्रि का महापर्व धूमधाम से मनाया जाता है। मां दुर्गा को सुख और समृद्धि की देवी कहा जाता है। नवरात्रि के दौरान व्रत रखने और पूरी श्रद्धा से मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने से मां अपने भक्तों पर प्रसन्न होती है साथ ही उनकी मनोकामनाएं पूरी करती है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व ग्राम वासियों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

# 57 लाख का सीसी रोड का हुआ भूमि पूजन, जल्द बनेगा

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

वार्ड 12 करैहपारा में उर्दू स्कूल से चितावा तालाब तथा चितावा तालाब से चिकनी घटिया तक तथा चितावा से शनिचरी बरगद झाड़ रोड का आज हुआ भूमि पूजन पार्षद हकीम मोहम्मद ने बताया कि कबीर आश्रम बरईपारा खालहे पारा सुरवंशी पारा सतनामी पारा मुस्लिम मोहल्ला करेंहापारा दरी पारा जाने का एकमात्र रास्ता है। जिसमें प्राचीन समय से लोगों का आना जाना है जिसकी मांग



वर्षों से हो रही थी जिसे पार्षद हकीम मोहम्मद ने गंभीरता से लेते हुए शासन से 57 लाख की लागत से सीसी रोड अधोसंरचना मत से स्वीकृत करवाया जिसकी भूमि पूजन उद्घाटन हुआ भूमि पूजन घनश्याम रात्रे नगर पालिका परिषद अध्यक्ष,उपाध्यक्ष कन्हैया यादव,वार्ड पार्षद हकीम मोहम्मद,प्रेमलता तंबोली, मोहल्ले के गणमान्य नागरिक व महिला समिति के लोगों ने बढ़-चढ़कर भूमि पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया सभी ने रोड की बन जाने की खुशी जाहिर किए तथा रोड बनवाने के लिए जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित किये।

# कलेक्टर ने चख के परखी रेडी टू ईट की गुणवत्ता

## स्कूल और छात्रावास में चल रहे निर्माण कार्य अगले शिक्षा सत्र के पहले करें पूरा-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में शासन की योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए नियमित रूप से विभागों के काम-काज की समीक्षा कर रहे हैं और जमीनी क्रियान्वयन देखने लगातार फील्ड का दौरा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज वे छाल व हाटी क्षेत्र के दौरे पर रहे है। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया और चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज छाल के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र में पहुंचकर कलेक्टर सिन्हा ने बच्चों से बात की। बच्चों से मिलने वाले नाश्ते और डाइट के बारे में पूछा। केंद्र में आने वाली बच्ची मानसी ने बताया कि आज नाश्ते में दलिया मिला था और चार्ट के अनुसार डाइट दिया जाता है। कलेक्टर सिन्हा ने आंगनबाड़ी में दिए जाने वाले पोषण आहार के



बारे में जानकारी ली और बच्चों को दिए जाने वाले रेडी टू ईट को चख के उसकी गुणवत्ता परखी। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करने व गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिन्हा ने तरेकेला गांव में जल जीवन मिशन का काम देखने पहुंचे। यहां उन्होंने पंचायत भवन के पास लगे नल को चालू कर वाटर सप्लाई का जायजा लेने के साथ ही वहां मौजूद ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में हुए काम का फीडबैक लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में लगभग 600 घर हैं। यहां योजना

### जल जीवन मिशन का काम देखने गांवों में पहुंचे कलेक्टर, ग्रामीणों से लिया फीडबैक

का कार्य पूरा कर लिया गया। ऊपर मोहल्ले में सोलर आधारित प्रोजेक्ट शुरू होने जा रहा है। इसके लिए सर्वे कर लिया गया है। कलेक्टर श्री सिन्हा ने काम जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धरमजयगढ़ विकासखंड में जल जीवन मिशन में अब तक जारी टेंडर और वर्क ऑर्डर की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने सभी वर्क ऑर्डर जारी



कर काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम की गुणवत्ता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए।

### छात्रावास में स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

कलेक्टर सिन्हा ने हाटी के कन्या छात्रावास का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने छात्रावास परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कमरों के साथ परदे, चादर की नियमित धुलाई करवाने के लिए अधीक्षिका को निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने हॉस्टल के किचन का निरीक्षण किया और



बच्चों को मिलने वाले खाने व नाश्ते की भी जानकारी ली। उन्होंने बच्चियों के नियमित स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए। छात्रावास परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि यहां बच्चियां रहती हैं, अतः उनकी सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। छात्रावास में हमेशा जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद रहें। कलेक्टर सिन्हा ने इसके अलावा कुडेकेला में बालक छात्रावास के नए भवन का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने ठेकेदार से अब तक हुए कार्य की जानकारी ली। बताया गया कि यहां प्लास्टर का काम हो चुका है अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अगले शिक्षा सत्र से पहले यहां कार्य पूरा कर लिया जाए।

### अगले शिक्षा सत्र से पहले पूर्ण करें स्कूल की मरम्मत

*हाटी प्रवास के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने यहां के हायर सेकेंडरी स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस स्कूल का अगले शिक्षा सत्र से स्वामी आत्मानंद विद्यालय में उन्नयन होने का रहा है। स्कूल भवन की मरम्मत की जानी है। इसके साथ ही यहां पृथक से लैब और लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर सिन्हा ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा कि काम अगले शिक्षा सत्र से पहले पूरा करना है। उन्होंने क्लासरूम का भी काम करने के निर्देश दिए।*

# जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़-बिलाईगढ़।




कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी की उपस्थिति में अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 एवं 2007 यथासंशोधन नियम 2012 के क्रियान्वयन के लिए आज कलेक्टोरेट के कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुविभाग एवं विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम बघमल्ला में वितरित वन अधिकार पट्टो में रकबा एवं खसरा में त्रुटि संशोधन करने हेतु प्रस्ताव रखा गयाए जिसमें कुल 152 पट्टों में त्रुटि संशोधन हेतु प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक, तुलसी विजय बसंतए पूर्व जिला पंचायत सदस्य परमानंद दैतारे, अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और डीएफओ बलौदाबाजार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

# छाल से हाटी सड़क का काम देखने पहुंचे कलेक्टर

## * सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता, बढ़ाएं काम की स्पीड-कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा जिले में सड़कों का निर्माण जल्द पूरा हो इसके लिए चल रहे कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। गत दिवस सड़क निर्माण के संबंध में ठेकेदारों की बैठक लेने के बाद आज उन्होंने फील्ड में जाकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया। कलेक्टर सिन्हा ने छाल से हाटी के बीच चल रहे काम के निरीक्षण में पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण का बारीकी से जायजा लेते हुए ठेकेदार से अब तक हुए कार्य का सारा ब्यौरा लिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि काम तेजी से पूरा करें और काम की क्वालिटी से कोई समझौता नहीं चलेगा। सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर सिन्हा ने गत दिवस सभी ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की बैठक भी ली थी। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि सड़कों के काम की रफ्तार बढ़ाने की



जरूरत है। गर्मी का मौसम सड़कों को बनाने का सबसे अनुकूल समय होता है। इसका अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए सभी ठेकेदार सड़कों का काम पूरा करें। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि जिले में सड़कों का निर्माण सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। सभी प्रमुख सड़कों में काम चल रहा है, अतः सभी ठेकेदार तेजी से कार्य पूर्ण करें। जिससे यातायात जल्द व्यवस्थित हो। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर राजीव पांडे, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त भी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने बारी-बारी सभी सड़कों के निर्माण की

** सड़क निर्माण पर कल बैठक लेने के बाद आज फील्ड में काम देखने निकले कलेक्टर*

** उर्दना के पास तत्काल काम शुरू करने कलेक्टर ने दिए निर्देश*

समीक्षा की थी। उन्होंने खरसिया से छाल, छाल से हाटी, हाटी से धरमजयगढ़ और पत्थलगांव से धरमजयगढ़ तक सड़क निर्माण के वस्तुस्थिति के बारे में जानकारी ली। यहां अलग अलग पैचेज में डबल्यूएमएम और जीएसबी का काम चल रहा है। वहीं जामपाली से घरघोड़ा, घरघोड़ा से पूंजीपथरा और पूंजीपथरा से रायगढ़ तक चल रहे कार्यों की भी उन्होंने जानकारी ली। इन मार्गों पर भी डीबीएम और डबल्यूएमएम किए जाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार छाल से घरघोड़ा और घरघोड़ा से लैलूंगा मार्ग में अलग अलग पैचेस में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी जगहों पर काम में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सड़कों का काम सबसे प्राथमिकता में लेकर किया जा रहा है। कहीं पर किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो तत्काल अधिकारियों को सूचित करें। जिससे उसका निराकरण कर काम शुरू करवाया जा सके।

### उर्दना में तत्काल काम शुरू कराने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने उर्दना के समीप बनने वाली सड़क के निर्माण को जल्द शुरू कराने के निर्देश ठेकेदार को दिए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि शहर के बाहर उर्दना के समीप ट्रैफिक का काफी दबाव होता है।

# जनदर्शन में अपर कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

## जनदर्शन में कुल 16 आवेदन हुए प्राप्त

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र कुमार लकड़ा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के विभिन्न गांवों से आये लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के साथ आमजनों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इस दौरान जनपद पंचायत जैजैपुर अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत किकिरदा के पंचगण ने बताया कि ग्राम पंचायत किकिरदा के तत्कालीन सचिव अनिल खुटे एवं सरपंच शांति बंजारे द्वारा 15 वे वित्त एवं अन्य राशि को फर्जी कर गमन किया गया है जिसकी शिकायत जनपद पंचायत जैजैपुर एवं अनुविभागीय अधिकारी सक्ती के पास 23 मार्च 2023 को किया गया हैं। बता दे की इस पर जांच टीम गठित कर दिया गया है। इस



संबंध में जल्द से जल्द जांच करने के लिए आवेदन देने कि बात कही। जिस पर अपर कलेक्टर लकड़ा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित विभाग को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इसी प्रकार सक्ती विकासखण्ड के ग्राम पलाड़ी कला निवासी गोरेलाल यादव पिता मनाराम यादव ने विकलांग पेंशन जारी करने के सम्बन्ध में जनदर्शन पहुंचे हुए थे। सुनीता पटेल ग्राम पोस्ट लवसरा ने बीपीएल राशन कार्ड के सम्बन्ध में, रमहैयालाल पिता सालिकराम ग्राम दर्राभाठा ने सीमांकन नही करने के सम्बन्ध में, खिकबाई पति भागीरथी निवासी बेलादुला ने फिनो बैंक खाते से पैसा निकालने के सम्बन्ध में, अडभार तहसील के ग्राम बुंदेली निवासी कलश राम पिता नारायण प्रसाद ने पटेल नियुक्त करने के सम्बन्ध में, जैजैपुर तहसील के ग्राम करौवाडीह निवासी परसराम मनहर ने सम्मिलित जमीन में आवेदक का नाम दर्ज किए जाने के सम्बन्ध में, विकासखंड डभरा के ग्राम तौलीपाली निवासी चंदनलाल मनहर पिता देवलाल जाति सतनामी ने मुआवजा प्रकरण तैयार कर भुगतान राशि प्रदान किए जाने के संबंध में शिकायत सम्बन्धित आवेदन दिए। जिस पर अपर कलेक्टर लकड़ा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें आवास निर्माण,अतिक्रमण हटाने, राशन कार्ड बनाने, आवास योजना अंतर्गत आवास बनाने, मुआवजा राशि दिलाने, अतिक्रमण हटाने, आवास निर्माण, पट्टा, भू-अर्जन पर आपत्ति, पेंशन, सहायता राशि प्रदान करने, मुआवजा राशि दिलाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर अपर कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित विभाग को अग्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि शासन के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्टर द्वारा कलेक्ट्रेड कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक बुधवार को दोपहर 1बजे आयोजित किया जाता है।

## ऋतिक ने गर्लफ्रेंड सबा के पोस्ट पर किया कमेंट



बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन ने अपनी एक्ट्रेस-सिंगर गर्लफ्रेंड सबा आजाद की साड़ी पहने फोटो पर कमेंट की है। सबा ने इंस्टाग्राम पर मनीष मल्होत्रा की शिमरी ब्लू और गोल्डन साड़ी में अपनी कुछ फोटो शेयर की और कैप्शन में लिखा: मरमेड. बट मेक इट डिस्को

इस पोस्ट पर ऋतिक ने कमेंट किखा: मैं तुमसे मिलता हूं, इसके साथ ही हार्ट इमोजी का भी इस्तेमाल किया। यह कपल कई महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अक्सर फिल्म पार्टियों और इवेंट्स में साथ में देखे जाते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो ऋतिक अगली बार फाइटर में नजर आएंगे। इसमें दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी हैं।



## ऑरेंज कलर की ट्यूब ड्रेस में मौनी रॉय ने दिखाया हुस्न का जलवा, हॉट तस्वीरें हुईं इंटरनेट पर वायरल

बॉलीवुड एक्ट्रेस मौनी रॉय आए दिन अपनी बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मौनी रॉय ने ग्लैम फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है जिसमें वो अपने हुस्न का जलवा बिखेर कर फैंस के दिलों पर खंजर चला रही हैं।

टीवी से बॉलीवुड करियर तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। मौनी रॉय ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों में ऑरेंज कलर के ट्यूब गाउन पहनी हुई है जिसमें वो बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी एक्ट्रेस का ये शानदार आउटफिट देख कर उनके लुक्स की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि मौनी रॉय अपने हर स्टाइलिश लुक से फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। इस बार भी उनकी यूनिक स्टाइल चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, मौनी रॉय इस आउटफिट में स्टाइल आइकन अवॉर्ड में नजर आई थीं। इस अवॉर्ज फंक्शन में बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने भी शिरकत की थी। कुछ समय पहले मौनी रॉय इंटरनेशनल टूर पर थीं, जहां वो अपनी बिकिनी फोटोज को लेकर काफी चर्चाएं बटौर रहीं थीं। एक्ट्रेस मौनी रॉय सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

# अपने नए म्यूजिक वीडियो में बेमिसाल लग रही हैं रमनदीप कौर

अख लाल, बेवफा, बीकानेरी माल, दिल जानिया, इश्क तुम्हारा, नई भूलना तेरा प्यार जैसे सक्सेसफुल म्यूजिक वीडियो की एक लड़ी जैसे लगा देने के बाद, अभिनेत्री और मॉडल रमनदीप कौर गायक संजीव के साथ बेमिसाल इस म्यूजिक वीडियो में अपने ग्लैमरस और शानदार लुक के साथ वापस आ गई हैं। .



बेमिसाल गाना हर उस लड़के या पुरुष के लिए है जो अपनी गर्लफ्रेंड या महिला की खूबसूरती की तारीफ करना चाहता है। यह गाना संदीप निज्जर के साथ रमनदीप कौर का रीयूनियन है। बेमिसाल का निर्देशन संदीप निज्जर ने किया है। हम पहले एक कैनेडियन डायरेक्टर के लिए मेरे दो म्यूजिक वीडियो की शूट के दौरान सेट पर मिले थे। संदीप ने मुझे मैसेज किया कि चलो मिलते हैं और एक बार फिर साथ में कुछ काम करते हैं। संदीप और उनकी टीम के साथ शूटिंग करना बहुत ही प्लीसेन्ट और मजेदार अनुभव था। जैसा कि हम एक-दूसरे को पहेले से जानते थे, हमें उससे अपना सर्वश्रेष्ठ काम करने में मदद मिली, रमनदीप ने बेमिसाल पर काम करने के बारे में बात करते हुए कहा।एक अभिनेत्री के रूप में, रमनदीप कौर ने डायरेक्टर आरके मालिनेनी की कॉमेडी फिल्म कॉलीफ्लॉवर के साथ टॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी है, जिसमें उन्होंने प्रसिद्ध कॉमेडियन पोसानी कृष्णा मुरली और सम्पूर्णेश बाबू जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। अपनी आगामी परियोजनाओं के बारे में बात करते हुए, रमनदीप कौर ने कहा, अहिंमसा मेरी आगामी तेलुगु फिल्म है जो 7 अप्रैल 2023 को रिलीज हो रही है। डायरेक्टर तेजा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में गीतिका, रजत बेदी, चंद्रमौली बिंदू,अभिराम दग्गुबाती, कमल कामराजू व अन्य सितारों के साथ मैं स्क्रीन स्पेस साझा कर रही हूं।

# शाहरुख खान की जवान में कैमियो करेंगे संजय दत्त, जल्द शुरू होगी शूटिंग



शाहरुख खान ने साल की शुरुआत में ही पठान के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया। फिल्म को दुनियाभर में प्यार मिला और यह रिकॉर्ड तोड़ कमाई करने में सफल रही। पठान की सफलता के बाद अब किंग खान जवान को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसकी फिलहाल शूटिंग चल रही है। अब एटली के निर्देशन में बन रही इस फिल्म से जुड़ा एक अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो संजय दत्त जवान में कैमियो करने वाले हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने जवान में संजय के होने की पुष्टि की। सूत्र ने कहा, इस भूमिका के लिए कास्टिंग करना एटली के लिए कठिन था, क्योंकि उन्हें ए-लिस्ट स्टार की आवश्यकता थी, जो शाहरुख के साथ पहले पर्दे पर दिखाई नहीं दिए। रिपोर्ट में मुताबिक, पहले अल्लू अर्जुन से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने पुष्पा 2 में व्यस्त होने के चलते ऑफर ठुकरा दिया। इसके बाद निर्माता संजय के पास फिल्म लेकर गए।

हालांकि, संजय के लिए यह पहली बार नहीं होगा कि वह शाहरुख के साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों ओम शांति ओम के एक गाने में साथ दिखे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, संजय अभी थलपति विजय की फिल्म लियो की शूटिंग के लिए कश्मीर में हैं। अब जल्द ही वह मुंबई में जवान की शूटिंग के लिए लौटेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि शाहरुख और संजय के सीचेंस को शूट करने के लिए एक भव्य सेट बनाया जाएगा।

# जुबिन नौटियाल, मौनी रॉय और पायल देव का नया गाना 'दोतारा' रिलीज़




जुबिन नौटियाल, मौनी रॉय और पायल देव का नया गाना 'दोतारा' रिलीज़ हो गया है। निर्माता भूषण कुमार एक बार फिर जुबिन नौटियाल और पायल देव की जोड़ी को दोतारा गाने के जरिये साथ लेकर आये हैं।बी.एल.एम स्टूडियोज द्वारा निर्देशित, पायल देव द्वारा रचित और वायु द्वारा लिखित, दोतारा में ट्रैक बंगाली टच देखने को मिलाऔर जुबिन और मौनी के बीच जबरदस्त केमेस्ट्री देखने को मिली।

जुबिन नौटियाल ने कहा, पायल देव के साथ काम करना खुशी की बात है और हमारे सहयोग को हमेशा अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। इस म्यूजिक वीडियो में मौनी रॉय के साथ नया गेटअप और रोल प्ले करने में मुझे बहुत मजा आया। हमने सेट पर खूब मस्ती की और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता।

मौनी रॉय ने कहा, 'दोतारा आपको पुराने समय और एक अलग युग में ले जाता है। इन शाही लुक्स के साथ मैं एक राजकुमारी की तरह महसूस कर रही थी और सेट पर माहौल ही कुछ और था। यह एक मजेदार और खूबसूरत म्यूजिक वीडियो है। पायल देव ने कहा, जुबिन नौटियाल और मुझे हमेशा साथ काम करने में मजा आता है और 'दोतारा' ऐसा ही एक और बेहतरीन सहयोग था। हम बंगाली में कुछ बोलों के साथ बंगाली सार भी लेकर आए हैं जो इस ट्रैक को वास्तव में विशिष्ट और असाधारण बनाता है। निर्देशक बॉस्को लेस्ली मार्टिस ने कहा, हम चाहते थे कि संगीत वीडियो मज़ेदार हो - इसमें बहुत सारा ड्रामा और दिलचस्प दृस्य है और जुबिन और मौनी दोनों अलग-अलग अवतारों में हैं। मुझे विश्वास है कि दर्शकों को दोतारा देखना उतना ही पसंद आएगा, जितना उन्हें सुनने में आता है।

## खेल

अर्जेंटीना के लिए मेसी का एक और रिकॉर्ड

# फ्रेंडली मुकाबले में क्युरासाओ को हराया, हैट्रिक के साथ ही मेसी के 100 इंटरनेशनल गोल पूरे




फुटबॉल में इस समय इंटरनेशनल ब्रेक चल रहा है। इसी बीच सभी प्लेयर्स क्लब छोड़ अपनी नेशनल टीम के लिए मुकाबले खेल रहे है। इसी बीच मंगलवार देर रात अर्जेंटीना और क्युरासाओ के बीच अर्जेंटीना में फुटबॉल का फ्रेंडली मैच खेला गया। इसमें अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने 3 गोल स्कोर किए। वहीं, अर्जेंटीना ने क्युरासाओ को 7-0 से हराया।

मेसी के अलावा एंजेल डी मारिया, निकोलस गोंजालनेस, एंजो फर्नांडेज और गोंजालो मोंटियल ने गोल स्कोर किए। हैट्रिक के साथ ही मेसी के इंटरनेशनल फुटबॉल में 100 गोल भी पूरे हुए। अब उनके इंटरनेशनल फुटबॉल में 102 गोल हो गए है।

### अर्जेंटीना के टॉप गोल स्केरर मेसी

मेसी वर्ल्ड फुटबॉल में तीसरे सबसे ज्यादा इंटरनेशनल गोल करने वाले खिलाडी है। अर्जेंटीना में वे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाडी है। उनके पीछे गेब्रियल बतिस्तुता के 56 और सर्जियो एगुएरो के 41 गोल है। में एकतरफा मेसी अपने देश के दूसरे खिलाड़ियों से गोल के मामले में बहुत आगे है।

### 20 मिनट में ही पहला गोल आया

फीफा रैंकिंग में 86वें स्थान की टीम कुराकाओ, केवल 20 मिनट ही अपने आप को बचा सकी। 20वें मिनट में मेसी ने लो सेस्लो से एक पास लिया और बॉक्स के अंदर खूबसूरत शॉट खेल कर गोल स्कोर कर दिया।इसके बाद ही 23वें मिनट में गोंजालेज ने गोल दाग दिया। मेसी ने हाफ टाइम के पहले ही अपनी हैटट्रिक पूरी कर ली। हाफ टाइम के बाद एंजल डी मारिया और गोंजालो मॉन्टियल ने गोल दागे। मैच के बाद 42 हजार फैंस की मौजूदगी में मेसी को 100 गोल पूरे करने पर अवार्ड दिया गया। इसके बाद अर्जेंटीना टीम के खिलाड़ियों ने स्टेडियम में फैंस के सामने वर्ल्ड कप की ट्रॉफी दिखाई और सेलिब्रेट किया।



### अर्जेंटिना के टॉप गोल स्कोरर

| खिलाड़ी | गोल | मैच | करियर |
|---|---|---|---|
| लियोनेल मेसी | 102 | 174 | 2005-अब तक |
| गेब्रियल बतिस्तुता | 56 | 78 | 1991-2002 |
| सर्जियो अगुएरो | 41 | 101 | 2006-2021 |
| हर्नान क्रेस्पो | 35 | 64 | 1995-2007 |
| डिएगो माराडोना | 34 | 91 | 1977-1994 |

### एक नजर

## स्पेन दूतावास ने स्पैनिश हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया

**नयी दिल्ली** । स्पेन के इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस और ला लिगा लीग ने सोमवार को नयी दिल्ली स्थित स्पेन के दूतावास में स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष का लोकार्पण किया।एक बयान के अनुसार शब्दकोष का विमोचन भारत में स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने किया । इस अवसर पर दिल्ली में इंस्टिट्यूटो सर्वेंटीस के निदेशक ऑस्कर पुजोल और ला लिगा इंडिया के प्रबंध निदेशक जोस एंटोनियो कचाजा भी मौजूद थे।



स्पेन के राजदूत जोस मारिया रिडाओ ने कहा कि हम पहले ही स्पैनिश बांग्ला संस्करण पेश कर चुके हैं और आज स्पैनिश-हिन्दी फुटबॉल शब्दकोष जारी करके हम दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि फुटबॉल भारत में लोकप्रिय हो रहा है और इस प्रकार की कोशिशों से न सिर्फ भारत और स्पेन के रिश्ते मजबूत होंगे बल्कि नये क्षेत्रों में गठजोड़ के अवसर भी बढ़ेंगे।

## यूटीटी का चौथा सत्र जुलाई में, बेंगलुरू स्मैशर्स होगी नयी टीम

**मुंबई** । भारत के शीर्ष खिलाड़ी 13 से 30 जुलाई तक पुणे के बालेवाड़ी खेल परिसर में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग ( यूटीटी ) में भाग लेंगे । टूर्नामेंट तीन साल के ब्रेक के बाद खेला जायेगा । इसमें बेंगलुरू स्मैशर्स पहली बार नजर आयेगी । यूटीटी के अध्यक्ष विता दानी ने कहा,हमें खुशी है कि अल्टीमेट टेबल टेनिस की वापसी हो रही है । कोरोना महामारी से सब कुछ थम गया था । लेकिन तीन साल बाद भी अब भारत में खेल को बढावा देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे । अन्य टीमों में यू मुंबा टीटी, पुणेरी पल्टन टीटी, गोवा चैलेंजर्स, दबंग दिल्ली और आरपीएसजी मावेरिक्स कोलकाता शामिल हैं । चेन्नई लायंस इस सत्र का हिस्सा नहीं है जिसने 2019 में खिताब जीता था ।

## सेना को पुरूषों की फॉइल टीम में स्वर्ण, भूपेन एपी चैम्पियन बने

**पुणे** । सेना की टीम ने 33वीं सीनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी चैम्पियनशिप में पुरूषों की फॉइल टीम स्पर्धा में खिताब जीता ।

पुरूषों के व्यक्तिगत एपी वर्ग में भी सेना का दबदबा रहा जिसके दो खिलाड़ियों भूपेन सिंह लिशाम और सुनील कुमार ने क्रमश- स्वर्ण और रजत पदक जीते ।

एकतरफा मुकाबले में सेना की फॉइल टीम ने मणिपुर को 45 . 32 से हराया । सेना की टीम में अर्जुन, बिबिश कार्तिरेसन, इस्माइल मोहम्मद खान और बिकी थोकचोम थे ।

सेना ने महाराष्ट्र को सेमीफाइनल में 45 . 29 से हराया था जबकि मणिपुर ने छत्तीसगढ को 45 . 39 से मात दी । महाराष्ट्र और छत्तीसगढ को कांस्य पदक मिले ।

सीनियर पुरूष एपी वर्ग में भूपेन ने सुनील को 15 . 11 से हराकर स्वर्ण जीता ।

# वेस्टइंडीज तीसरा टी-20 जीता


साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया, सीरीज पर 2-1 से कब्जा जमाया




वेस्टइंडीज और साउथ आफ्रिका के बीच तीन टी-20 मैच की सीरीज का आखिरी मैच जोहानसबर्ग में मंगलवार रात खेला गया। वेस्टइंडीज ने तीसरे और आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रन से हराया। इसके साथ ही टीम ने 2-1 की बढ़त बनाते हुए ट्रॉफी पर भी कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 220 रन बनाए / जवाब में साउथ अफ्रीका सिमित 20 ओवर में 213 रन ही बना सका। अल्जारी जोसेफ को प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया। उन्होंने 5 विकेट लिए। वहीं, टीम के जॉनसन चार्ल्स को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

टॉस जीत कर साउथ अफ्रीका ने पहले फील्डिंग करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी की। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग 36 और काइल मेयर्स 17 रन बना कर आउट हो गए। हालांकि, दोनों खिलाड़ी पॉवरप्ले में अपनी टीम को अच्छी शुरुआत देने में कामयाब रहे। जॉनसन चार्ल्स पहली बॉल पर ही आउट हो गए। उन्हें राबाडा ने चलता किया। इसके बाद टीम के पूर्व कप्तान निकोलस पूरन बल्लेबाजी करने उतरे। उन्होंने पारी को गति दीऔर 19 बॉल में 41 रन जड़ दिए। कप्तान रोवमैन पॉवेल 11, रेमन रीफर 27 और जेसन होल्डर 13 रन बना कर आउट हुए। अंत में रोमारियो शेफर्ड ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 22 बॉल में 44 रन की पारी खेली।

# चोटिल अय्यर की जगह केकेआर ने नीतिश राणा को कप्तान बनाया





**कोलकाता** । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने सोमवार को बायें हाथ के बल्लेबाज नीतिश राणा को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी चरण के लिए टीम का नया कप्तान चुना। राणा इससे श्रेयस अय्यर की जगह लेंगे जिनके पीठ की सर्जरी कराने की संभावना है जिससे उनके पूरे सत्र से बाहर रहने का खतरा मंडरा रहा है। बल्कि केकेआर के बयान से साफ संकेत मिलता है कि अय्यर के जल्दी वापसी करके खेलने की संभावना असंभव दिखती है।

केकेआर के बयान के अनुसार, श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में नीतिश राणा टीम के कप्तान होंगे। अय्यर पीठ की चोट से उबर रहे हैं। हम उम्मीद लगाये हैं कि श्रेयस इससे उबरकर आईपीएल 2023 के चरण के कुछ हिस्से में खेलेंगे। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास नीतिश जैसा खिलाड़ी है जिनके पास सफेद गेंद के क्रिकेट में अपनी राज्य की टीम की अगुआई करने के साथ 2018 से केकेआर के साथ आईपीएल का अपार अनुभव है जिससे वह हमारे लिये शानदार काम करेंगे।

राणा ने कहा , केकेआर 2018 से मेरा घर है और टीम की कप्तानी करना फख्र की बात है । इससे मुझे शीर्ष स्तर पर अच्छे प्रदर्शन की प्रेरणा मिलेगी ।

उन्होंने कहा, मेरे लिये नेतृत्व क्षमता दिखाने का यह सुनहरा मौका है और मैं खुद ही नहीं बल्कि टीम से भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की कोशिश करूंगा ।

# भाजपा ने पूछा बेरोजगारी भत्ता देने का नाटक करने वाली प्रदेश सरकार ने पंजीयन के लिए पात्रता सूची निकाली या अपात्रता सूची

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।



भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय का सवाल रू युवकों के लिए रोजगार के प्रशिक्षण के अवसर ही प्रदेश सरकार ने छीन रखे हैं। तो बेरोजगारी भत्ता देने का आधार क्या होगा। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा है कि बेरोजगारी भत्ते के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जारी नियम व शर्तें बेरोजगार युवकों के साथ छल-कपट का एक और दांव है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता के लिए जिस तरह से मापदंड प्रदेश सरकार ने तय किए हैं। उससे यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को न तो रोजगार के अवसर देने की मंशा रखती है और न ही बेरोजगारी भत्ता देने का उसका कोई इरादा है। उन्होंने सवाल किया कि बेरोजगारी भत्ता देने का नाटक करने वाली प्रदेश सरकार ने पंजीयन के लिए पात्रता सूची निकाली है या अपात्रता सूची। आगे राय ने कहा कि इंजीनियर्स, एडवोकेट्स, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, आर्किटेक्ट ऐसे सारे विषयों में पंजीकृत लोगों के परिवारों के युवा, पिछले वित्तीय वर्ष में आयकर जमाकर्ता परिवार के युवा, 10 हजार रुपए से अधिक पेंशन प्राप्त करने वाले परिवार के युवा, बेरोजगारी भत्ता लेने वाले युवा को स्वरोजगार या निजी-सरकारी क्षेत्र में रोजगार का ऑफर आता है और उसे किन्हीं कारणों से अस्वीकार करने वाले युवा, केन्द्र या राज्य के तृतीय या इससे ऊपर की श्रेणी में नौकरी करने वाले परिवार के युवा बेरोजगारी भत्ता लेने के लिए अपात्र बनाए गए हैं। इसी प्रकार परिवार में यदि किसी एक युवा को भी बेरोजगारी भत्ता मिल रहा है तो उस परिवार के अन्य युवा भी बेरोजगारी के लिए अपात्र होंगे। परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए या इससे अधिक है तो उस परिवार के युवा भी इस भत्ता योजना के लिए अपात्र होंगे। दो वर्ष पुराना पंजीयन नहीं हो तो भी वह युवा बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा। पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि बेरोजगारी भत्ता के लिए रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन ही होगा, अब प्रदेश सरकार बताए कि जिन दूरस्थ इलाकों में मोबाइल और कम्प्यूटर कनेक्टिविटी नहीं है तब उन युवकों का रजिस्ट्रेशन कैसे होगा। प्रदेश सरकार कौशल विकास केन्द्र में प्रशिक्षण लेने पर बेरोजगारी भत्ता देने की बात कह रही है। जबकि प्रदेश में कौशल उन्नयन केन्द्र और लाइवलीहुड कॉलेज लभगभग बंद पड़े है। युवकों के लिए रोजगार के प्रशिक्षण के अवसर ही प्रदेश सरकार ने छीन रखे हैं तो बेरोजगारी भत्ता देने का आधार क्या होगा। कौशल उन्नयन और मुद्रा लोन के जरिये रोजगार मुहैया कराने की योजना केन्द्र



सरकार की है। प्रदेश सरकार ने कौशल विकास के अवसर छीनकर अब उसी आधार पर बेरोजगारी भत्ता देने की शर्त रखी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की घोषणा के मुताबिक इसके लिए 12वीं हायर सेकेंडरी उत्तीर्ण होना आवेदक के लिए अनिवार्य किया गया है। तो क्या प्रदेश सरकार यह मानती है कि 12वीं से कम शैक्षणिक योग्यता रखने वाले युवकों को रोजगार या परिवार के भरण.पोषण का अधिकार नहीं है। क्या हायर सेकेंडरी से कम शैक्षणिक योग्यता वाले युवक बेरोजगारी की श्रेणी में नहीं आते। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ता की यह शर्त भी छलावा ही है कि कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय या निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है और आवेदक ऑफ र स्वीकार नहीं करता तो वह बेरोजगारी भत्ता के लिए अपात्र होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि आवेदक को किसी स्वरोजगार या किसी तरह की नौकरी का ऑफर मिला या नहीं, यह कौन तय करेगा। क्या ऐसा मापदंड तय करके प्रदेश की बघेल सरकार भ्रष्टाचार का विस्तार करने पर आमादा है।

## वरिष्ठ नेता पी. कुमार डे को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब

### नगरीय प्रशासन मंत्री और संसदीय सचिवों सहित

**पिथौरा** । छत्तीसगढ़ के पिथौरा अंचल (जिला -महासमुंद ) की माटी में रचे-बसे और क्षेत्र के सार्वजनिक जीवन में विगत साढ़े चार दशकों से अधिक समय तक सक्रिय रहे समाजसेवी, वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्री पी. कुमार डे के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। गहन शोक के इस कार्यक्रम में वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सभी लोगों ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया , संसदीय सचिव और खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव , बसना क्षेत्र के विधायक और छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष देवेन्द्र बहादुर सिंह , पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष श्री शैलेश नितिन त्रिवेदी और महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने भी स्वर्गीय श्री पी. कुमार डे के परिजनों से मिलकर संवेदना और सांत्वना प्रकट की।स्वर्गीय श्री पी. कुमार डे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण मज़दूर संघ (इंटक)के महासमुंद जिले के पूर्व अध्यक्ष भी थे।

सफलता की कहानी

## समूह की महिलाएं चैन फैनसिंग यूनिट एवं इंटर पेवर ब्लॉक निर्माण से जुड़कर बन रही आत्मनिर्भर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

रूबन मिशन अंतर्गत् पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पालिडीह गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाएं चैन फैनसिंग यूनिट एवं इंटर पेवर ब्लॉक निर्माण कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। कौशल विकास विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पालिडीह गौठान में सहेली स्व सहायता समूह की 13 महिलाएं इंटर पेवर



ब्लॉक निर्माण एवं दुर्गा स्व सहायता समूह की 10 महिलाए चैन फैनसिंग यूनिट निर्माण कार्य का प्रशिक्षण ले रही हैं। इस तकनीकी कार्य के प्रशिक्षण लेने में महिलाएं बड़े ही उत्साहित है साथ ही प्रशिक्षण के दौरान इन उत्पादों का निर्माण स्वयं ही कर रही है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अवसर प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।



## शिक्षित बेरोजगारी भत्ता के लिये वेब पोर्टल आवेदन ऑनलाईन ही मान्य होगा

### विद्युत की आवश्यकता वाले गौठानो में शीघ्रता से बिजली आपूर्ति कराने के लिए किया निर्देशित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



**कलेक्टर की अध्यक्षता में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक संपन्न**

*** बैठक में छग सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 और बेरोजगारी भत्ता के संबंध में जनपद सीईओ को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश**



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गोधन न्याय योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी गौठानो में गोधन न्याय योजना का प्रभावी क्रियान्वयन कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेंद्र यादव, उपसंचालक कृषि, पशु चिकित्सा सेवा, समस्त जनपद सीईओ, सीएमओ नगरीय निकाय एवं सहकारी समितिए नोडल अधिकारी अपेक्स बैंकए ईडीएम नीलांकर बासु सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने विद्युत की आवश्यकता वाले गौठानों की जानकारी लेते हुए विद्युत विभाग के अधिकारी को सभी ब्लॉक के विद्युत विहीन गौठानों में शीघ्रता से विद्युत आपूर्ति कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के गौठानों में गोबर खरीदीए निर्मित जैविक खाद, टाका भराव, विक्रय हुए खाद की गौठानवार जानकारी लेते हुए सभी गौठानो में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जिले के सभी विकासखंडों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लगभग सभी गौठानो में लक्ष्यानुसार प्रत्येक पखवाड़े 30 क्विन्टल गोबर खरीदी पूर्ण हो रही है। उन्होंने इस कार्य को आगे भी इसी प्रकार बनाए रखने के लिए कहा। इस हेतु सभी अधिकारियों को व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गोबर क्रय के आधार पर रूपांतरण बढ़ाने में व्यक्तिगत रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही अभियान चलाकर निर्मित खाद की छनाई एवं पैकेजिंग करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्डवार जैविक खाद विक्रय की जानकारी ली। उन्होंने सहकारी समितियों में खाद का भंडारण कर आमजनों को प्राथमिकता से जैविक खाद विक्रय कराने की बात कही। उन्होंने उप संचालक कृषि को जिले के खाद व्यापारियों की बैठक लेकर उन्हें खाद क्रय कराने के लिए कहा। साथ ही पंचायतों में किसान चौपाल का आयोजन कर किसानों को जैविक खाद के उपयोग हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने नोडल अपेक्स बैंक से गोधन के राशि भुगतान की जानकारी लेते हुए बैंक खाता विवरण में सुधार करवाकर जल्द से जल्द बिक्री हुए खाद की राशि का भुगतान महिला समूह व गौठान समिति को कराने के निर्देश दिए। गोमूत्र खरीदी की जानकारी लेते हुए उन्होंने शत प्रतिशत गौमूत्र का विक्रय कराने के लिए कहा। क्रेडा अधिकारी को स्वीकृत गौठानो एवं चारागाह में प्राथमिकता के साथ सोलर पंप लगाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि गौठान का विकास शासन की प्राथमिकता है। गौठान एवं चारागाह में गतिविधियों के संचालन के लिए जलापूर्ति आवश्यक है। इस दौरान बैठक में कलेक्टर डॉ. मित्तल ने 01 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हो रहे छत्तीसगढ़ सामाजिक.आर्थिक सर्वेक्षण 2023 एवं बेरोजगारी भत्ता के संबंध में खण्ड स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने दोनों योजनाओं के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए समय पूर्व संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय कर प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए प्रगणक दल का गठन करनेए प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स चयनित करने सहित संपूर्ण तैयारी समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वेक्षण कार्य निर्बाध रूप से पूर्ण कराने हेतु दलों के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की चिन्हांकन कर उनकी सूची तैयार रखने के लिए कहा। सभी सीईओ को स्वयं से एक डमी एंट्री कर ऐप की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझने के लिए कहा। साथ ही खण्ड स्तर पर भी दल का प्रशिक्षण पूर्ण कराने के लिए कहा। इसी प्रकार बेरोजगारी भत्ता योजना के क्रियान्वयन हेतु सभी जनपदों में क्लस्टर निर्माण, सत्यापन समिति का गठन, समिति के सदस्यों का चयन जैसे आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना का लाभ प्रदान करने हेतु आवेदकों को सभी सहूलियत प्रदान करने के निर्देश दिए।

## सुपोषण चौपाल के नोडल अधिकारी गांव में जाकर पालकों को करेंगे जागरूक-कलेक्टर

### कलेक्टर ने मेगा हेल्थ कैम्प के सफल संचालन के लिए दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा किए। और आवेदनों का निराकरण गंभीरता से करने के निर्देश दिए है।उन्होंने जिला अस्पताल में सफ लतापूर्वक मेगा हेल्थ कैम्प के लिए सभी एसडीएम जनपद सीईओ और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सफ ल संचालन के लिए अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मेगा हेल्थ कैम्प में बहुत से गंभीर मरीजों का भी चिन्हांकन किया गया है। इनमें क्लब फूट ट्यूमर कैंसर के मरीज आदि अन्य मरीजों को रायपुर एम्स ईलाज के लिए भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सुपोषण चौपाल का बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। आगामी1 अप्रैल को 50 कुपोषित गांव में जाकर के पालकों से भेंट मुलाकात करेंगे और बच्चों को पौष्टिक आहार देने के लिए समझाइश भी दी जायेगी। ताकि बच्चों को सुपोषण के सेवन में लाया जा सके। किसानों के लिए केसीसी बनाने के लिए भी निर्देश दिए है। कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ते के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को 01 अप्रैल 2023 से 25 हजार रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की योजना लागू की गई है। शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न शर्तो के आधार पर बेरोजगारी भत्ता की पात्रता होगी। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता की पात्रता श्रेणी में वे लोग शामिल होंगे जो आवेदक छग का मूल निवासी होगें। जिनकी आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होगी।

## राहुल मामले की आड़ में कांग्रेस का अमर्यादित व अलोकतांत्रिक आचरण आपातकाल की याद ताजा कर रहा-भाजपा

***भाजपा की दो टूक कांग्रेस समझ ले कि पिछड़ा वर्ग के अपमान के लिए अभी जनता की अदालत में भी करारी सजा मिलेगी***

जोहार छत्तीसगढ़-पत्थलगांव।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय ने कहा है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध सूरत कोर्ट द्वारा मोदी सरनेम को चोर बताने वाली टिप्पणी के लिए मानहानि का दोष सिद्ध होने पर 2 वर्ष की सजा के फैसले और इस कारण संसद की सदस्यता रद्द किए जाने पर कांग्रेस के लोग जिस तरह का अमर्यादित और अलोकतांत्रिक आचरण कर रहे हैं। उससे सन 1975 के आपातकाल की याद ताजा हो चली है। उन्होंने कहा कि सन 75 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शासकीय मशीनरी के दुरुपयोग का दोष सिद्ध होने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को रद्द कर दिया था। उस समय भी इंदिरा गांधी और



कांग्रेस ने न्यायालय का निर्णय मानने के बजाय देश पर आपातकाल थोप दिया था और पूरे देश को जेल बनाकर रख दिया था। लोकसभा सांसद गोमती साय ने कहा कि एक बार फिर पिछड़ा वर्ग के अपमान के कारण राहुल गांधी को हुई सजा और उसके बाद संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार संसद सदस्यता खत्म होने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कांग्रेस के नेता न्यायपालिका और संविधान का सम्मान करने के



बजाय छत्तीसगढ़ में आपातकाल के हालात बनाने पर तुले हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग का अपमान करने और मोदी सरनेम को चोर से जोड़ने के कारण मानहानि का दोष सिद्ध होने पर राहुल गांधी को हुई सजा का सत्य और तथ्य छिपाकर कांग्रेस के लोग अपने बयानों से राजनीतिक विषवमन कर एक तो न्यायालय और संविधान का खुलेआम अपमान करने की धृष्टता कर रहे हैं। दूसरे प्रदेश के राजनीतिक



सद्भाव को दांव पर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सामान्य समझ की बात है कि निचली अदालत के फैसले से असहमति के बाद ऊपरी अदालत में अपील की जा सकती है। लेकिन पवन खेड़ा के मामले में 15 मिनट में ऊपरी अदालत पहुंच जाने वाली कांग्रेस ने अब तक ऊपरी अदालत का रुख नहीं किया है। इससे साफ है कि कांग्रेस राहुल गांधी मामले की आंच में राजनीतिक रोटी सेंकने की बदनीयती का प्रदर्शन कर रही है। भाजपा के प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही कांग्रेसी खुद को न्यायपालिका और संविधान से ऊपर मान कर चलते रहे हैं और अपने इसी सत्तावादी अंधकार के चलते वह न्यायपालिका, संविधान, संवैधानिक पदों और एजेंसियों के साथ-साथ अपने राजनीतिक विरोधियों को अपमानित और प्रताड़ित करना अपना अधिकार मान कर चलते हैं। चौधरी ने दो टूक कहा कि कांग्रेस के सभी लोग यह स्पष्ट रूप से समझ लें कि अभी तो संवैधानिक अदालत ने सजा सुनाई है। पिछड़ा वर्ग के अपमान के लिए जनता की अदालत का फैसला आना अभी बाकी है, और यकीनन तब भी कांग्रेस को इसकी करारी सजा मिलेगी। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैजान सरवर खान ने दी।

एक नजर

## कलेक्टर डॉ. मित्तल ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर राजस्व कोर्ट में प्रकरणों के अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टरए समस्त एसडीएम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आश्रम छात्रावास का निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार खिड़की, दरवाजे, विद्युतीकरण, भवन मरम्मत, जैसे जरूरी कार्यो को पंचायत के माध्यम से पूर्ण कराने के लिए कहा। इस हेतु चेक लिस्ट तैयार कर सूची उपलब्ध कराने की बात कही। वन अधिकार पट्टा वितरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने अनुभाग स्तर पर प्रकरणों का पूर्ण जांच एवं आवश्यक दस्तावेजो की कमी को पूर्ण कराकर जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन हेतु भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. मित्तल ने विभिन्न शासकीय भवनों, संस्थानों के निर्माण हेतु भूमि चयन कार्य को भी जल्द से जल्द पूर्ण कर विभाग को प्रदान करने के लिए कहा। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को पटवारियों के माध्यम से किए जा रहे नक्शा दुरुस्ती के कार्य का नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने विवादित.अविवादित राजस्व प्रकरण, नजूल भूमि का आबंटन, अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, लोक सेवा गारंटी, अभिलेख शुद्धता सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निराकृत कर हितग्राहियों को राशि भुगतान करने के लिए कहा। साथ ही अतिक्रमित भूमि का व्यवस्थापन, नजूल शासकीय भूमि का आबंटन के आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए पात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाने के लिए कहा।

## नक्सलियों ने पूर्व उपसरपंच की गला घोंटकर हत्या कर दी

**नारायणपुर** । जिले के धनोरा थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम पंचायत राजपुर के पूर्व उपसरपंच रामजी दोदी निवासी ग्राम झारा की नक्सलियों ने मुखबीरी का आरोप लगाकर गला घोंटकर हत्या कर दी है। सूचना पर बुधवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर शव को धनोरा थाना लाया गया, जहा से शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक रामजी के शव के साथ नक्सली पर्चे में नक्सलियों ने रामजी दोदी पर पुलिस मुखबिर का आरोप लगाने के साथ ही सड़क निर्माण, मोबाइल टावर निर्माण में सहयोग करने का भी आरोप लगाया है। नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने इसकी पुष्टि की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात 10 बजे 04 वर्दीधारी हथियारबंद नक्सली थाना धनोरा अंतर्गत ग्राम झारा के निवासी रामजी दोदी के घर जाकर रामजी दोदी को पूछा तो घर वाले अपने रिश्तेदार के घर प्रार्थना करने जाना बताए। जिसके बाद नक्सली प्रार्थना स्थल की तरफ गए और रास्ते में ही रामजी दोदी को पकड़ लिए और रामजी दोदी के घर जाकर उसके भतीजे मयाराम दोदी तथा मैनू राम दोदी को भी घर से पकड़कर तीनो को जंगल की तरफ ले गए जहां पहले से लगभग 20 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। पुलिस मुखबीरी का आरोप लगाकर नक्सलियों ने रामजी दोदी की डंडे से गला दबाकर हत्या कर दिए और मृतक का शव तथा नक्सल पर्चे मायाराम दोदी तथा मैनू राम दोदी को देकर जंगल की आड़ लेकर भाग गए। इलाके में सर्चिंग की जा रही है।

## पूर्व वन मंत्री व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने तेंदूपत्ता ठेकेदार से 91 लाख की उगाही की - विक्रम मंडावी

**बीजापुर** । तेंदूपत्ता परिवहन कर्ताओं को ठेकेदार द्वारा भुगतान नही करने के मामले को लेकर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की अगुवाई में भाजपा ने चक्काजाम किया था। इस मामले को लेकर बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व मंत्री महेश गागड़ा और भाजपा जिला उपाध्यक्ष रायडू पर तेंदूपत्ता ठेकेदार सुधीर कुमार माणिक से 91 लाख रुपए की उगाही करने का आरोप लगाया है।

विधायक निवास में बुधवार को पत्राकारों से चर्चा करते हुए बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने पूर्व वनमंत्री महेश गागड़ा एवं भाजपा उपाध्यक्ष लवकुमार रायडू पर तेंदूपत्ता ठेकेदार सुधीर कुमार माणिक से दबाब डालकर डरा धमकाकर महेश गागड़ा के रिश्तेदार के खाते में डलवाकर 91 लाख रुपए की वसूली का आरोप लगाया है। बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी ने बैंक स्टेटमेंट का हवाला देते हुए प्रशासन और सीसीएफ स्तर पर इसकी जांच की मांग करने की बात कही है।

# कोरबा में शुरू हुई कैंसर की सर्जरी, अब मरीजों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर

मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में शुरू हुई कैंसर की सर्जरी

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

जिले में नवीन मेडिकल कॉलेज खुलने का लाभ अब जिलेवासियों को मिलने लगा है। कैंसर जैसी बीमारी के उपचार के लिए बड़े शहरों और महानगरों की ओर जाने वाले मरीजों को अब बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।







## ब्रेस्ट कैंसर का हुआ सफल ऑपरेशन, महिला को मिली नई जिंदगी

उन्हें शहर के मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में उपचार का लाभ मिलने लगा है। इससे मरीजों को अनावश्यक पैसे भी खर्च नहीं करने पड़ेंगे और मरीजों के समय की बर्बादी भी नहीं होगी। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में होने वाला जटिल से जटिल ऑपरेशन तथा इलाज अब जिला चिकित्सालय कोरबा में कराना संभव हो गया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ प्रभात पाणीग्रही एमएस तथा उनकी टीम के द्वारा एक 35 वर्षीय महिला के ब्रेस्ट कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया है। जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि की एक नई प्रगति दिखाई देने लगी है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में कैंसर की सर्जरी शुरू होने से जिले के मरीजों में उम्मीद की किरण जग गई हैं। इसके पूर्व कोरबा तथा मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में कैंसर के मरीजों के लिए उपचार तथा ऑपरेशन की सुविधा नहीं होने के कारण जिले के कैंसर से पीड़ित मरीजों को बिलासपुर, रायपुर तथा अन्य राज्यों में जाकर इलाज करवाना पड़ता था। यह बेहद खर्चीला था और आने-जाने तथा ठहरने में समय के साथ अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। अब जबकि जिले के कैसर पीड़ित मरीजों को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में इलाज की सुविधा उपलब्ध है तो मरीजों की एक बड़ी समस्या का निराकरण संभव हो पाया है। मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय में पदस्थ डॉ.पाणीग्रही द्वारा बताया गया कि कैंसर बीमारी तेजी से लोगों को अपनी चपेट में ले रही हैं। 04 जनवरी 2023 को मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में एक 35 वर्षीय महिला जो ब्रेस्ट कैंसर स्टेज 2बी की समस्या से जूझ रही थी। उसे एडमिट कराया गया। आयुष्मान भारत स्कीम के तहत उसका ऑपरेशन किया गया। इसके पूर्व यह महिला 1 वर्ष से भी अधिक समय से अलग-अलग अस्पताल में जाकर इलाज एवं ऑपरेशन के लिए भटक रही थी। यहां इसका सफल ऑपरेशन किया गया जिससे महिला को नई जिन्दगी मिल गई। उन्होंने बताया कि महिला के रिकव्हरी की रफ्तार भी अच्छी है। हम प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं और आवश्यकतानुसार उसका कीमो और रेडियोथेरेपी का ट्रीटमेंट किया जाएगा। कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी तथा डॉ.अविनाश मेश्राम, अधिष्ठाता, डॉ.गोपाल कंवर, मेडिकल सुपरीटेंडेंट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। टीम द्वारा किए गए ब्रेस्ट कैसर ऑपरेशन करने पर बधाई देते हुए सीएमएचओ सहित अस्पताल के चिकित्सकों ने कहा है कि भविष्य में क्षेत्र की जनता जो विभिन्न बीमारियों से पीडित है तथा इलाज तथा ऑपरेशन कराने में असमर्थ हैं उनका इलाज एवं ऑपरेशन जिला चिकित्सालय में किया जाएं। उन्होंने जिले की जनता से अपील किया है कि कैंसर के शुरूआती लक्षणों को नजरअंदाज ना करें,मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय कोरबा में पदस्थ चिकित्सक डॉ.प्रभात पाणिग्रही, एमबीबीएसएएमएस फैलोशिप इन ऑन्कोलॉजी टीएमएच से सलाह लें।

# बेरोजगारी भत्ते के लिए दिशा निर्देश

पात्र बेरोजगारों को माह में 2500 सौ रुपए का बेरोजगारी भत्ता मिलेगा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को 01 अप्रैल 2023 से 25 हजार रूपए प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता देने की योजना लागू की गई है। जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जशपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न शर्तो के आधार पर शिक्षित बेरोजगारी भत्ता की पात्रता होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरोजगारी भत्ता की पात्रता श्रेणी में वे शामिल होगें जो आवेदक छग का मूल निवासी होगें। जिनकी आयु 01 अप्रैल 2023 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होगी। जो मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकेंडरी 12 वीं उत्तीर्ण शैक्षणिक योग्यता धारी हो, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में पंजीकृत हों एवं आवेदन के वर्ष के 01 अप्रैल को हायर सेकेण्डरी में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो, रोजगार कार्यालय में न्यूनतम 12 वीं का जीवित पंजीयन 01 अप्रैल 2021 से पूर्व का हो, आवेदक के आय का कोई स्त्रोत न हों एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से आय रुपये 2 लाख 50 हजार वार्षिक से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता। इसी प्रकार अपात्रता की शर्तों में वे शामिल होंगे जो एक परिवार से एक ही व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। यदि किसी परिवार के किसी व्यक्ति को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत किया जा चुका है तो दूसरा व्यक्ति अपात्र होगा। आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य को केन्द्र अथवा राज्य सरकार की किसी भी संस्था अथवा स्थानीय निकाय में चतुर्थ श्रेणी या ग्रुप.डी को छोड़कर अन्य नौकरी होने पर ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिये अपात्र होगा। यदि आवेदक को स्वरोजगार या शासकीय अथवा निजी क्षेत्र में किसी नौकरी का ऑफर दिया जाता है, परंतु आवेदक ऑफर स्वीकार नहीं करता है तो ऐसा आवेदक बेरोजगारी भत्ते के लिये अपात्र होगा। पूर्व और वर्तमान मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और सांसद या राज्य विधानसभाओं के पूर्व या वर्तमान सदस्यों, नगर निगमों के पूर्व और वर्तमान महापौर और जिला पंचायतों के पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्तें के लिये अपात्र होंगे। पेंशनभोगी जो 10,000 रुपये या उससे अधिक की मासिक पेंशन प्राप्त करते हैं के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे। अन्य पेशेवर जैसे इंजीनियरए डॉक्टर, वकील, चार्टड एकाउंटेंट और पेशेवर निकायों के साथ पंजीकृत आर्किटेक्ट के परिवार के सदस्य बेरोजगारी भत्ते के लिए अपात्र होंगे।

# चिरमिरी के लोगों को स्थायित्व के नाम पर ठगा गया है-महेश प्रसाद

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।



भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विधान सभा चुनाव का आगाज होते ही भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के विधान सभा प्रत्यासी महेश प्रसाद ने अपनी पारी की शुरुवात कर राज्य सरकार पर सीधे निशाना साधते हुए कहा है किए राज्य सरकार और वर्तमान विद्यायक ने चिरमिरी वासियों को चिरमिरी के स्थायित्व के नाम पर ठगा है। जब चिरमिरी की जनता से इन्होंने वोट मांगा था तब इनका मूल मुद्दा चिरमिरी में रोजगार उत्पन्न कर चिरमिरी को स्थायित्व प्रदान करने का था। किन्तु इसके ठीक विपरीत देखा जाए तो आज तक चिरमिरी की जनता को ठगने के आलावा इन्होंने कुछ भी नहीं किया है। चिरमिरी सिर्फ राजनीति का केन्द्र बिंदु बन कर रह गया है। आज भी चिरमिरी के युवा उच्च शिक्षा ग्रहण करने चिरमिरी से बाहर का रुख कर रहे हैं। और उच्च शिक्षा प्राप्त कर बाहर ही रोजगार के लिए भटक रहे हैं। इनकी रणनीति किसी भी तरह से चिरमिरी को विकास शील बनाने की नही रही है। पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी चिरमिरी को इन्होंने केवल और केवल लूटा है। और अपने जेबों को भरा है। चिरमिरी के स्थायित्व और विकास से इनका कोई लेना देना नहीं है। ये एक ओर तो चिरमिरी से लगाव की बात करते हैं और दूसरी ओर खुद प्रदेश मुख्यालय में अपने साम्राज्य को फैला रहे हैं। अगर इनको इतनी ही चिंता चिरमिरी की थी तो आज तक चिरमिरी में एक भी रोजगार क्यों नहीं दे सके। विकास के नाम पर सिर्फ इनके चमचों और चापलूसों ने विकास किया है। चिरमिरी के भावी युवा पीढ़ी नशे के चपेट में है। जो कि बहुत ही दुखद है। चिरमिरी की जनता सब देख रही है कि चिरमिरी में अवैध खनन, जुआ,शराब और माफ़िया किसके शरण में फल फूल रहे हैं। और आने वाले विधान सभा चुनाव में जनता इनको इनके असली जगह दिखाएगी।

# कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व शासकीय आर्वेदिक औषधीलाय केन्द्र सिंघरा, चरौदा, सहित अडभार स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

उन्होंने निरीक्षण में लैब, ओपीडी, मरीज वार्ड का अवलोकन किया। कलेक्टर ने संबंधित को निर्देशित किया कि अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति समय पर सुनिश्चित कराए। यहां आने वाले मरीजों को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था तथा यहां आने वाले मरीजों को शासन की योजनाओं के तहत लाभान्वित करते हुए बेहतर उपचार के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में मरीज बहुत उम्मीद के साथ अपना उपचार कराने आते हैं। उन्हें पर्याप्त सुविधाएं मिलनी चाहिए।

## कलेक्टर ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण




कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने किरारी, गुड़ेराडीह, आमादहरा, डंगचगहापारा व स्कूलपारा आडिल, नवरंगपुर सहित चरौदा आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी में दिए जा रहे आहार की जांच की। यहां उन्होंने मीनू के आधार पर भोजन वितरण के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केंद्र में गैस सिलेंडर व कनेक्शन के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शत प्रतिशत बच्चों की उपस्थित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने आगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से चर्चा कर आंगनबाड़ी की गतिविधियों की जानकारी ली। रसोईकक्ष के साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को समय-समय पर आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूलों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी के प्रवेश द्वार की सीढ़ी को बच्चों के अनुकूल बनवाने को कहा।

## एक नजर

### आज मोती चंद्र महाराज के समाधि स्थल में होगा भजन एवं भंडारा का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।




शुक्रवार रामनवमी को सक्ती शहर के शनि मंदिर,नारायण सागर के पास स्थित मोतीचंद्र महाराज साईराम की समाधि के 19 वें वर्ष के निम्मित समाधि परिसर में रामनवमी के पुनीत अवसर पर साई भजन एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजक सत्य साई सेवा समिति सक्ती के गोविंद यादव, ने बताया रामनवमी 30 मार्च 2023 को प्रात: 04 बजे समाधि स्नान एवं महराज को चादर चढ़ाना कार्यक्रम,प्रात: 05 बजे नगर संकीर्तन,प्रभात फेरी,प्रात: 05:30 बजे महामंगल आरती,सुबह 11 बजे से सत्य साई सेवा समितियों द्वारा श्रीसाई भजन,सुबह 11.30 बजे महाभोग,दोपहर 12 बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण,रात्रि 07 बजे महामंगल आरती का कार्यक्रम रखा गया है। गोविंद यादव ने बताया कि साईराम के समाधि के 19 वे वर्ष के निमित्त समस्त आयोजन को सफल बनाने सत्य साई सेवा समिति के सदस्य जूटे हुए है। यादव ने समस्त साई भक्तो एवम नागरिक बंधुओ को रामनवमीं 30 मार्च 2023 शुक्रवार को समाधि स्थल में आयोजित समस्त कार्यक्रमो में सहभागिता करने एवम प्रसाद प्राप्त करने करने की अपील की है।

### बैकुंठपुर विधान सभा से भारतीय सक्ति चेतना पार्टी से लड़ेंगे मेजर प्रसाद यादव

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।



भारतीय सक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला दीदी के द्वारा छत्तीसगढ़ में दूसरी लिस्ट जारी किया गया है पहले लिस्ट में 16 प्रत्याशियों के नाम कि घोषणा की गई थी दूसरे लिस्ट में 16 प्रत्याशियों का नाम घोषणा किया गया है छत्तीसगढ़ में कुल 32 प्रत्याशियों का नाम सामने आए है राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला के द्वारा पंचज्योति सक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम शहडोल मऊ से घोषणा किया गया है। 90 विधान सभा में पार्टी अपना दम खम के साथ चुनाव लड़ेगी आप को बता दे भारतीय सक्ति चेतना पार्टी नशा मुक्त भ्रष्टाचार और रोजगार को लेकर अभियान चला रही है लगभग डेढ़ करोड़ लोग नशा मुक्त हो चुके हैं सन्ध्या शुक्ला के द्वारा कहा गया छत्तीसगढ़ में पार्टी को लेकर अलग ही माहौल है छत्तीसगढ़ की जनता नशा मुक्त समाज बनने के लिए जागरूक हो चुकी है तीसरे विकल्प के रूप में भारतीय सक्ति चेतना पार्टी लोगों के बीच में विश्वसनीय हो रहे हैं भारतीय सक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में जन जागरण के माध्यम से नशा मुक्त अभियान चला रही है और आगामी समय में जल्द ही 90 विधान सभा सीटो में प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।

### सहायक शिक्षक श्रीमती अनुपमा मिंज निलंबित

**कोरबा** । कक्षा चौथी की छात्रा की पिटाई करने के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा श्रीमती अनुपमा मिंज, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला गोढ़ी, विकासखण्ड कोरबा को बीईओं कोरबा के जांच प्रतिवेदन के आधार पर छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय कोरबा निर्धारित करने के साथ नियमानुसार जीवन निर्वाह की पात्रता प्रदान की गई है।

### जलाराम मंदिर में रामनवमी की तैयारियां

**कोरबा** । श्री गुजराती समाज व जलाराम सेवा समिति के तत्वाधान में संत श्री जलाराम मंदिर परिसर में 30 मार्च को रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। 30 मार्च गुरुवार को सुबह 10 बजे से श्रीराम धुन और भजन किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। भगवान श्रीराम की महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। समाज के सभी सदस्यों से सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने आग्रह किया गया है।

# जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक सम्पन्न

वित्तीय वर्ष 2022-23 की वार्षिक कार्ययोजना पर अनुमोदन

जोहार छत्तीसगढ़-कोरिया।




कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक आज जिला कलेक्टरेट के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रेणुका सिंह, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन, शासी परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं क्रियान्वयन एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जैन ने सदस्यों के समक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास के कार्यों की भौतिक वित्तीय प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के कार्यों पर कार्योत्तर स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की गई जिसमें पेयजल, स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष फोकस रखा गया है। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के अन्तर्गत कार्यो की वित्तीय वर्षवार प्रगति एवं भौतिक.वित्तीय स्थिति की समीक्ष, वित्तीय वर्ष 2022.23 के वार्षिक आय व्यय लेखा का प्रस्तुतिकरण, वित्तीय वर्ष 2021-22 के लेखा परीक्षा रिपोर्ट का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदन का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत कार्यो के कार्योत्तर स्वीकृति का अनुमोदनए वित्तीय वर्ष 2022-23 में निरस्त कार्यो का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।

# सीएमपीडीआई के पदाधिकारियों ने किया स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




सीएमपीडीआई कोल इंडिया माइनिंग रत्न कंपनी के पदाधिकारियों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उसी कड़ी में मनेंद्रगढ़ के चैनपुर में संचालित वनवासी कल्याण आश्रम में 27 मार्च 2023 को शाम 4 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कोल माइंस के पदाधिकारियों के द्वारा विगत दिनों निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत गांव.गांव में शहरों में लोगों को स्वच्छता संबंधी सीख दिए जा रहे हैं और साथ ही गीत गाकर स्वच्छता के संदेश जन-जन तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। और साफ-सफाई को लेकर झाड़ू,नेल कटर,साबुन, हार्पिक,सेनेटरी पैड, व बीमारियों से बचने के लिए मच्छरदानी वितरित भी किए जा रहे हैं। साथ ही पानी से होने वाली बीमारियों के सम्बन्ध में रोचक जानकारी व उसके उपाय के लिए बेहतर सुझाव भी देकर लोगों को जागरूक करने की कोशिश की जा रही है। पदाधिकारियों के द्वारा जल संरक्षण की जानकारी तथा पर्यावरण शुद्धिकरण के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण एवं संरक्षण के गुण सिखाए जा रहे हैं। वनवासी विकास समिति के आश्रम में पदाधिकारियों ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रावास में रहने वाले छात्रों से सवाल पूछ कर सही उत्तर देने वाले छात्रों को पुरस्कृत भी किए। उक्त कार्यक्रम में सीएमपीडीआई के कार्यक्रम प्रभारी केके धीरही, उपप्रभारी वाशुदेव कनोजिया, तथा उनकी सम्पूर्ण टीम भाजपा के जिला कार्यालय प्रभारी प्रदीप वर्मा, वनवासी विकास समिति की महिला नगर अध्यक्ष सुनैना विश्वकर्मा, व उनकी सदस्यगण ममता राणा, रुचि गुप्ता, सुमन अग्रवाल, भावना गुप्ता, रितु राजवाड़े, छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा,समिती की वरिष्ठ पदाधिकारी केश्री नंदन गुप्ता, गणेश अग्रवाल, हरभजन सिंह, विनोद शुक्ला, राजकुमार पांडे जीए वरिष्ठ पत्रकार रामचरित द्विवेदी, दिनेश दुवेदी, शिवा मिश्रा, श्यामा सेन, जया कर, जगदम्बा प्रसाद अग्रवाल, नरोत्तम शर्मा, प्रभात वर्मा, सुधा सोनी, के मौजूदगी में स्वच्छता अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम उपरांत वरिष्ठ पत्रकार रामचरित द्विवेदी एवं साथियों के द्वारा सुंदरकांड का पाठ भी किया गया।



# सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर किया चक्काजाम





जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

*धरमजयगढ़ से बाकारूमा तक बन रहे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए आज बाकरूमा बेरियर चौक के पास भाजपा के युवा नेता मनीष राठिया के नेतृत्व में चक्काजाम किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर धरमजयगढ़ और रैरुमा पुलिस मुस्तैद रही। आपको बता दे की चार घंटे तक जारी चक्काजाम को धरमजयगढ़ थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव एसडीओपी दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में समाप्त कराया जिसमे भाजपा के पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ता और ग्रामीणों की मौजूदगी रही। बता दे की इससे पूर्व धरमजयगढ़ और खड़गांव सहित कई इलाकों में चक्कजाम किया जा चुका है, और इसी क्रम में आज रायगढ़ और जशपुर जिले के बॉर्डर पर स्थित बाकरूमा में चक्काजाम किया गया। जिससे दोनो जिले का आवागमन काफी समय तक प्रभावित रहा।*

## एक नजर

### जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 31 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित नवीन 15 सूत्रीय कार्यक्रम के क्रियान्वयन एवं समस्याओं के समाधान एवं सुझाव हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक 31 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### पेंशन/वेतन निर्धारण की जांच हेतु त्रैमासिक शिविर का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर के द्वारा जिला रायगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित एवं कार्यालयीन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पेंशन/ वेतन निर्धारण की जांच हेतु त्रैमासिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत माह मई में 22 एवं 23 मई को, माह अगस्त में 21 एवं 22 अगस्त को तथा माह नवम्बर में 20 एवं 21 नवम्बर 2023 को शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी रायगढ़ ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी को नियत तिथि में संबंधित लिपिक के साथ समस्त दस्तावेज/प्रकरण के साथ उपस्थित होकर पेंशन/वेतन निर्धारण की जांच कराने हेतु कहा है।

### दो भाइयों ने मिलकर एक युवक की निर्मल हत्या

* पुलिस ने एक आरोपी को 2 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

* दूसरा आरोपी अपना परिवार लेकर हुआ फरार

जोहार छत्तीसगढ़-सक्ती।

29 मार्च को जिला मुख्यालय सक्ती से एक किलोमीटर दूर नवापारा कलां में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी गई है। फिलहाल सक्ती पुलिस शव पंचनामा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है। सक्ती थाना प्रभारी प्रवीण सिंह राजपूत से मिली जानकारी के मुताबिक राम सिंह कंवर की आरोपी निर्मल यादव, लखन यादव दोनों भाई टांगी से आठ दस बार-बार कर निर्मल हत्या कर दी है। मृतक राम सिह कंवर निर्मल यादव के पड़ोस में निवास करता है कुछ आपसी विवाद के चलते वारदात को अंजाम दिया गया है सक्ती पुलिस ने आरोपी लखन यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दुसरा आरोप निर्मल यादव बीवी बच्चों को लेकर फरार हो गया है। सक्ती थाना प्रभारी प्रवीण सिंह राजपूत ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 10.25 बजे सूचना मिली कि नवापारा कला निवासी रामसिंह कंवर पिता मनहरण कंवर उम्र 35 वर्ष की लाश गांव में पड़ी हुई है जाकर देखने पर हत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने मामला कायम कर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है धारा 302/26 अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।



# हड़ताल में बैठे पंचायत सचिवों को आज अनोखा प्रदर्शन

काम बंद कलम बंद हड़ताल का आज 14 वां दिन भी निरंतर हड़ताल जारी



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

आज कुसमी जनपद पंचायत के सचिव का 14 वां दिन भी हड़ताल जारी, पंचायत सचिव का एक सूत्रीय मांग परिवीक्षा अवधि पश्चात ताकि करण की शासकीय करण की घोषणा नहीं करने के कारण गोबर खरीदी कार्य करने एवं दिनांक 16 मार्च से काम बंद कलम बंद हड़ताल में बैठे पंचायत संघ द्वारा किया गया। और आज पंचायत संघ सचिवों द्वारा अनोखा प्रदर्शन करते दिखे, सभी सचिव साथी जिला सरंक्षण सूरज मल सोनी के नेतृत्व में पंडाल स्थल पर भुपेश सरकार को सदबुद्धि प्रदान करने हेतु हवन यज्ञ किया ताकि पंचायत सचिवों को शासकीय करण करते हुए क्रमोन्नत पदोन्नति का लाभ प्रदान करें। इस हड़ताल में बैठे सभी पंचायत के सचिव द्वारा ये अनोखा प्रदर्शन देखने को मिला और इस हड़ताल में सभी पंचायत संघ के सचिव शामिल थे।

# शांति समिति की बैठक, कई मुद्दों पर मंथन



जोहार छत्तीसगढ़-कुसमी।

थाना कुसमी प्रांगण में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं छेत्र वासियों की उपस्थिति में रामनवमी त्यौहार में जुलूस कार्यक्रम एवं झण्डा मिलन समारोह में शांति सिमिति का बैठक आयोजन किया गया। बैठक में सभी समुदाय की लोगों से शांति पूर्वक त्यौहार मनाने व सहयोग प्रदान करने की आग्रह किया गया व जुलूस कार्यक्रम झंडा मिलन मार्ग स्थल का चिन्हाकित किया गया। बैठक में सभी गणमान्य नागरिक ने अपनी-अपनी बात रखी त्यौहार में जुलूस को लेकर जुलूस को अच्छी तरह से निकलने और त्यौहार अच्छी तरह से मनाने की अपील की गयी। साथी ही कई विषयों पर चर्चा की गयी। जैसे यातायात संबंधित, स्कूल बच्चों के बिना लाइसेंस वाहन चलाने की, शिकायत की गयी, वही तत्काल कुसमी एसडीओपी रीतेश चौधरी के द्वारा ने स्कूल स्वामी आत्मानंद के प्रचार्य से बात कर उसे समझाइस दी गयी। की आगे से ऐसा न हो।

शांति समिति की बैठक में गणमान्य नागरिक व थाना परिसद के स्टाप-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कलेक्टर दिशा निर्देशानुसार त्यौहार में जो नियम आदेश किया गया है, उसे पालन करते हुए सभी से निवेदन है। अशांति न करते हुए, जुलूस झण्डा अच्छे से निकलने को कहा गया है। रामनवमी पर्व की सभी को बधाई शुभकामनाएं दी गयी।*

*कुसमी तहसीलदार*

# राजस्व विभाग के नुमाइंदों ने किया कमाल

*शिकायत खसरा नंबर 121 फटहामुड़ा निस्तारी तालाब की और सीमांकन 131 गोटिया के निजी भूमि का*

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बांजीपाली हल्का, खसरा नंबर 121 शासकीय भूमि फटहामुड़ा, निस्तरी तालाब का कुल रकबा (0.6600 हे0) 1 एकड़ 63 डिसमिल से घटकर अब एक एकड़ से कम होने का अनुमान हैं। आस-पास के 5 वार्डों के जनता की निस्तारी तालाब पर मिट्टी पाटकर अतिक्रमण करने की शिकायत पर 19 मार्च 2023 को छुट्टी के दिन एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी और आर आई मौके पर पहुंचे थे।



दूसरे दिन सोमवार को जिला कलेक्टर के नाम मोहल्ले वासी लिखित शिकायत देकर दो भागों में बंटे फटहामुड़ा निस्तरी तालाब ख. नं. 121के सीमांकन कर तालाब से अवैध कब्जा मुक्त करने की मांग की गई थी।। इसी कड़ी में आज दोपहर हल्का पटवारी द्वारा शिकायत कर्ताओ को फोन कल शाम 4:30 बजे उपरोक्त स्थल पर आने को कहां गया था तथा समय पर आई आर आई, पटवारी मौके पर आए और भूमि का नाप जोख कर सीमांकन करने के उपरांत तालाब के दूसरे भाग पर जहां मिट्टी पटी है उक्त भूमि को गोटिया का निजी बताया गया तथा हमारे पूछने पर तालाब 121 की जगह गोटिया की जमीन ख न 131 का सीमांकन करना बताया गया ।



# नेतनागर में 10 वर्ष पहले हो चुका है भू-अर्जन, अधिग्रहित भूमि पर ही विभाग करवा रहा नहरों का काम

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

केलो परियोजना का कार्य 2009 से शुरू हुआ है। इसमें बांध के साथ नहरों के निर्माण के लिए वर्षों पहले भू-अर्जन किया जा चुका है। जिसके लिए किसानों को मुआवजा भी वितरित किया गया है। परियोजना में सभी प्रकार की नहरें मिलाकर कुल 313 कि.मी.की नहरें बनाई जानी है। जिसमें से 248 किमी की नहरें बन चुकी हैं। इसके लिए किसानों से भूमि अधिग्रहित करने तथा उनको मुआवजा वितरित करने के बाद ही विभाग द्वारा काम किया गया।

**मुआवजा भी जारी, चेक बांटने कैंप भी लगाए गए**

**नहरों का निर्माण शासकीय कार्य, बाधा पहुंचाने पर होता है कानूनी कार्यवाही का प्रावधान**

इसी प्रकार पुसौर तहसील के ग्राम नेतनागर के बारे में जानकारी देते ईई केलो परियोजना पी. आर.फूलेकर ने बताया कि नेतनागर में भी भू-अर्जन करीब 10 साल पहले 2013 में ही हो गया है। जिसका मुआवजा तैयार कर विभाग द्वारा जारी भी किया जा चुका है। इसे बांटने के लिए गांव में कई बार कैंप भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जिस भूमि पर कार्य करवाया जा रहा है उसे वर्षों पहले अधिग्रहित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि नहरों का निर्माण शासकीय परियोजना के तहत किया जा रहा है जिसे पूरा करने के लिए दिसंबर 2023 की समय-सीमा तय की गयी है। उन्होंने कहा कि यह शासकीय कार्य है इसमें बाधा पहुंचाने पर कानूनी कार्यवाही का भी प्रावधान होता है। केलो वृहत परियोजना की शुरुआत 2009 में हुई थी। इसकी लागत 891 करोड़ रुपए है। इसमें केलो डैम के निर्माण के साथ ही मुख्य नहर, शाखा और वितरक नहरों का निर्माण शामिल है। परियोजना में नहरों का काम 80 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। शेष कार्य को पूरा किया जा रहा है। जिससे परियोजना पूर्ण हो तथा नहरों के माध्यम से 175 गांवों तक सिंचाई के साथ पेयजल और निस्तारी के लिए पानी पहुंचाने की योजना क्रियान्वित हो सके।

# तेजपुर के ग्राहक सेवा केन्द्र से कीमती सामानों की चोरी

* अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के रैरुमा चौकी क्षेत्र में एक ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरों ने रात में धावा बोल दिया और हजारों रुपये के कीमती सामान ले उड़े। वहीं मामले की शिकायत पर चौकी रैरूमाखुर्द के चौकी प्रभारी द्वारा बिना नंबरी अपराध क्रमांक 0/2023 धारा 457,380 ताहि को असल अपराध नंबरी कराने थाना धरमजयगढ़, भेजने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

इस घटना के बारे में प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि मै संदिप राठिया निवासी सोहनपुर का रहने वाला हूँ। मेरा ग्राम तेजपुर बस स्टैन्ड यादव होटल के सामने ग्राहक सेवा केन्द्र है। जिसे मैं प्रति दिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक खोलता हूं, और रात्री में दुकान बन्द कर अपने घर चला जाता हूँ। प्रार्थी ने बताया कि मै 26 तारीख को भी शाम 6 बजे दुकान में ताला लगाकर अपना घर चला गया था। 27 मार्च को मेरा छोटा भाई शशी भूषण राठिया सुबह 7 बजे मेरे दुकान ग्राहक सेवा केन्द्र में झाड़ू लगाने के लिये पहुँचा तो देखा कि दरवाजा खुला था, ताला का कुन्डी टुटा हुआ था। अन्दर जाकर देखा तो पुरा सामान गायब था तब मुझे मेरा छोटा भाई शशी भूषण राठिया मुझे सूचना दिया कि ग्राहक सेवा केन्द्र में चोरी हो गया है। तब में तेजपुर अपने ग्राहक सेवा केन्द्र में आकर देखा तो एक कम्प्यूटर मानिटर किमती सीपीयू किमती 10,000 रुपये कलर प्रिन्टर 5,000 रुपये यूपीएस किमती 1200 रुपये यूएसबी हब किमती 350 रुपये ब्लेक एन्ड व्हाईट प्रिन्टर किमती 14000 रुपये कुल किमती 30550 रुपये का सामान दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। मेरे आस पास के लोगों से पूछताछ कर पता तलास किया गया कोई पता नहीं चला। जिसके बाद चौकी में इस घटना की सूचना दी गई।

# गिधौरी बरपाली में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा,लगातार जिले में एक महीने दूसरी बड़ी घटना

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




बलौदाबाजार जिले के गिधौरी थाना अंतर्गत बरपाली में फि र एक बार भिसड़ सड़क हादसा हो गया। जिसमे 1 व्यक्ति की मौत और 40.45 से ज्यादा लोगों को गंभीर हालत में अस्पातलो में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक ग्राम पचरी बिलाईगढ़ से साहू परिवार के लोग रायपुर बराती गए हुए थे। बारात से वापसी पचरी आ रहे थे। इसी बीच रात्रि 3 से 4 बजे बरपाली के पास बाराती बस और ट्रक के बीच जबरदस्त भिड़न्त हो गया। बस में तकरीबन सौ से अधिक लोग सवार थे। हादसे के बाद 15 मरीजों को कसडोल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। आधे को बिलाईगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और कुछ मरीजो को शिवरीनारायण में भर्ती कराया गया है। कसडोल में 15 मरीजो को भर्ती कराया गया उसमे से 10 मरीजो का पैर टूटा हुआ है। ट्रक ड्राइवर का पैर कट गया है। गम्भीर मरीजों को रायपुर, बलौदाबाजार और कुछ लोग इलाज के लिए प्राइवेट आस्पताल ले गए हैं। बिलाईगढ़ में 20 से ज्यादा मरीजो को भर्ती कराया गया है जहां इलाज के दौरान 1 व्यक्ति की मौत हो गयी है। वही बाकी मरीजो की इलाज जारी है। बात करे हादसों की तो नेशनल हाईवे;130, में रोजाना सड़क हादसा होता रहता है। रोजाना किसी न किसी परिवार का चिराग भुझता रहता है। बलौदाबाजार जिले में महिने भर में ये दूसरा बड़ा सड़क हादसा हुआ है और यहां बड़ी पुनः दर्दनाक घटना थी जिसमें बस और ट्रक के बीच में भिड़ंत हुई और ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सुबह लगभग 3. 45 और के समय में यह घटना हुआ और बाराती से भरी हुई बस रायपुर की तरफ से आ रही थी और रायगढ़ की तरफ से रायपुर के लिए ट्रक जा रही थी तो ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि बाराती गाड़ी की ड्राइवर हो सकता है कि नींद में हो इसी कारण यह घटना घटीक्योंकि सुबह सुबह 4 का समय नींद का बेला का रहता है और दिन भर ड्राइवर के द्वारा बस चलाकर रायपुर ले जाना उसके बाद रात को खा पीकर सोने के समय में जागते हुए बस को चलाते हुए आना तो हो सकता है कारण नींद का हो पुलिस प्रशासन के द्वारा बताई गई कि अभी यहां विवेचना जारी है और यह कह नहीं सकते कि गलती किसकी है मगर रात को बस चलाना और बस का ट्रक में जाकर टकराना ऐसा लग रहा है जैसे कि नींद की अवस्था में ही हो मगर अभी विवेचना जारी है बस बलौदा बाजार जिले का है और ट्रक भिलाई के ही किसी मालिक का है ऐसा जानकारी प्राप्त हो रहा है पूरी दृष्टांत को देखते हुए अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ कि कारण क्या था मगर जो भी यह हादसा हुआ वह बहुत ही दर्दनाक था।

**** पुलिस की विवेचना जारी है क्योंकि घटना बहुत ही दर्दनाक था हम सभी पहलू पर जांच कर उचित कार्यवाही करेंगे।***



*हितेश जंघेल,थाना प्रभारी गिधौरी*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in